संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -186 मंगलवार,09 मई 2023,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 2 रुपये

# कैबिनेट में बड़े फेरबदल से बजेगी इस्तीफे की घंटी!

## मुख्यमंत्री के परिवार के खिलाफ बयान देने वाले ऑडियो क्लिप पर खड़े हुए विवाद के कुछ दिनों बाद फेरबदल की योजना सामने आई

### पीटीआर की कुर्सी खतरे में?



**चेन्नई,08 मई 2023(ए)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने मंत्रिमंडल में एक छोटे से फेरबदल की योजना बना रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या राज्य के वित्त मंत्री डॉ. पलानीवेल थियागा राजन (पीटीआर) फेरबदल से बच पाएंगे। फेरबदल की योजना मुख्यमंत्री के परिवार के खिलाफ बयान देने वाले ऑडियो क्लिप पर खड़े हुए विवाद के कुछ दिनों बाद ही बनाई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि अगले दो हफ्तों में तमिलनाडु कैबिनेट में बदलाव की उम्मीद है, क्योंकि मुख्यमंत्री इस महीने के अंत में विदेश जाने वाले हैं।

कुछ डीएमके (द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम) पार्टी नेताओं ने की मानें तो मन्नारगुडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले छस्ब्य विधायक थलीकोट्टई रसुथेवर बालू (टीआरबी) राजा को कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। वह तीन बार के विधायक और डीएमके सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री थलीकोट्टई राजुथेवर (टीआर) बालू के बेटे हैं। इस दौड़ में दूसरा नाम शंकरनकोविल से विधायक ई राजा का है।

राज्य मंत्रिमंडल में 53 मंत्री हैं, जो राज्य में विधायकों की कुल संख्या के 15 फीसदी की अधिकतम सीमा को छू रहे हैं। किसी भी नए इंडक्शन का मतलब होगा कुछ को छोड़ने के लिए कहना। जबकि कुछ का कहना है कि कम से कम दो मंत्रियों (अच्छा प्रदर्शन न करने वाले) को इस्तीफा देने के लिए कहा जा सकता है। बड़ा सवाल यह है कि क्या राज्य के वित्त मंत्री डॉ. पलानीवेल थियागा राजन (पीटीआर) फेरबदल से बच पाएंगे।

### सीएम ने ऑडियो टेप को बताया था सस्ती राजनीति

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कथित ऑडियो टेप को सस्ती राजनीति के रूप में खारिज कर दिया। इस ऑडियो क्लिप में डीएमके के पहले परिवार की संपत्ति के बारे में कुछ टिप्पणी की गई थी। दरअसल बीजेपी के राज्य प्रमुख अन्नामलाई द्वारा जारी एक सहित दो ऑडियो क्लिप में, पीटीआर को कथित तौर पर स्टालिन के बेटे उदयनिधि और दामाद वी सबरीसन के बारे में कुछ टिप्पणी करने के लिए कहा गया है, जिसका वित्त मंत्री ने स्पष्ट रूप से खंडन किया है। मंत्री ने आरोपों से इनकार किया था और जोर देकर कहा था कि उन्नत तकनीक का उपयोग करके क्लिप को डिजिटल रूप से बदल दिया गया है।

## मनीष कश्यप को नहीं मिली राहत



**नई दिल्ली 08 मई 2023(ए)।** राष्ट्रीय सुरक्षा कानून यानी एनएसए के तहत मामला दर्ज किए जाने को लेकर यूट्यबर मनीष कश्यप को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। साथ ही एफआईआर को एकसाथ कराने की याचिका को भी शीर्ष न्यायालय ने सोमवार खारिज कर दिया है। कोर्ट की तरफ से कश्यप को संबंधित उच्च न्यायालय में याचिका ले जाने के निर्देश दिए गए हैं। यूट्यूबर ने कोर्ट में रासुका को चुनौती दी थी। कश्यप पर तमिलनाडु में बिहारियों के साथ कथित हिंसा का फर्जी वीडियो शेयर करने के आरोप हैं।

# शराब घोटाला मामले में दो आरोपियों को मिली जमानत

### » सीएम केजरीवाल ने कहा- पूरा शराब घोटाला झूठा




**नई दिल्ली,08 मई 2023 (ए)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने शराब नीति मामले में गिरफ्तार दो आरोपी राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा को दो-दो लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही जमानत राशि पर राहत प्रदान की। दो आरोपियों को जमानत दिए जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरा शराब घोटाला झूठा है।

कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में दो आरोपियों को कोर्ट ने यह कहते हुए जमानत दे दी कि उनके खिलाफ मामले को प्रथम दृष्टया वास्तविक मानने के लिए सबूत पर्याप्त नहीं हैं। इसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक ट्वीट किया है।

अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि पूरा शराब घोटाला झूठा है। हम शुरू से कह रहे थे। अब तो अदालतें भी कहने लगी हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आप जैसी ईमानदार पार्टी को बदनाम करने के लिए बीजेपी का यह हताशा भरा कदम है।

न्यायाधीश नागपाल ने ही 28 अप्रैल को धन शोधन के मामले में और सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में 31 मार्च को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा का तथाकथित शराब घोटाला हवा हवाई निकला। उन्होंने कहा कि कोर्ट के ऑर्डर के बाद पूरी दुनिया को पता चल गया कि पूरा शराब घोटाला झूठा है। उन्होंन दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर केजरीवाल जी को बदनाम करने की गहरी साजिश रची थी।

आप सांसद ने कहा कि ईडी-सीबीआई का आरोप- राजेश जोशी के माध्यम से 30 करोड़ लेकर गोवा चुनाव में ख़र्च किया। लेकिन कल ईडी ने कोर्ट में कहा कि आप ने केवल 19 लाख ख़र्च किये। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ये सच दुनिया के सामने आ गया है कि अरविंद केजरीवाल एक कट्टर ईमानदार नेता हैं और आप एक कट्टर ईमानदार पार्टी है।

# 105 करोड़ रुपए घोटाला मामले के फरार आरोपी महिला आईएएस अजमेर से गिरफ्तार



**अजमेर ,08 मई 2023 (ए)।** असम में 105 करोड़ रुपए के सरकारी घोटाले के फरार आरोपी महिला आईएएस अधिकारी सेवाली देवी शर्मा को आज असम पुलिस ने अजमेर से गिरफ्तार कर लिया । इसके साथ ही उनके दामाद अजीत पाल सिंह, राहुल अमीन समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तारी से बचने के लिए निलंबित आईएएस अपने दामाद और घरेलू नौकरानी सहित तीन लोगों के साथ अजमेर के कोतवाली इलाके में होटल क्रॉस लेन में ठहरी हुई थी। असम पुलिस को सूचना मिली थी की निलंबित महिला आईएएस अधिकारी सेवाली देवी शर्मा गिरफ्तारी से बचने के लिए अजमेर में छुपी हुई है और होटल क्रॉसलैंड में ठहरी हुई है। अजमेर की कोतवाली थाना पुलिस की मदद से असम पुलिस ने निलंबित महिला आईएएस सुमित तीनों आरोपियों को होटल रूम में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली थाना पुलिस ने असम पुलिस की मौजूदगी में आरोपियों को एसीजेएम कोर्ट में पेश किया। जहां से ट्रांजिट रिमांड के लिए आरोपियों को ले लिया गया, इसके तुरंत बाद असम पुलिस तीनों को लेकर असम रवाना हो गई।



# अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के पास हेरिटेज स्ट्रीट पर फिर बड़ा धमाका

**अमृतसर,08 मई 2023 (ए)।** पंजाब में जालंधर लोकसभा उपचुनाव से ठीक पहले अमृतसर में धमाकों का सिलसिला जारी है और आज स्वर्ण मंदिर के पास हेरिटेज स्ट्रीट पर लगातार दूसरे दिन हुए धमाके से लोगों में डर का माहौल है। श्री हरिमंदिर साहिब के नजदीक क्षेत्र हेरिटेज स्ट्रीट में सोमवार सुबह 06:30 बजे ठीक उसी जगह पर फिर धमाका हुआ जहां शनिवार की देर हुआ था।

घटना के समय सड़क पर ज्यादा आवाजाही नहीं थी इसलिए कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। धमाके के बाद पुलिस के कई बड़े अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। फॉरेंसिक टीम के सदस्यों ने कई सैंपल कब्जे में लिए हैं। जहां धमाका हुआ वहां एक कार भी खड़ी थी जिसके शीशे टूट गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकलवाने में लगी है।

फिलहाल पुलिस विस्फोटक होने की घटना से साफ इंकार कर रही है। इससे पहले शनिवार देर रात भी अमृतसर में तेज धमाके आवाज सुनाई दी थी। ये धमाका गोल्डन टेंपल के पास हुआ था जिसमें कुछ लोगों के घायल होने की खबर सामने आई थी। पुलिस उपायुक्त परमिंदर सिंह भंडाल घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। यह धमाका शनिवार की देर रात वाली घटना के 200 मीटर के फासले पर हुआ। शनिवार देर रात भी स्वर्ण मंदिर के निकट हेरिटेज स्ट्रीट पर विस्फोट हुआ था। पुलिस ने हालांकि इसे आतंकी हमला नहीं, बल्कि एक दुर्घटना बताया था।

# द केरल स्टोरी पर पश्चिम बंगाल में लगा बैन

### » अन्य राज्यों से भी उठ रही प्रतिबंध लगाने की मांग




**नई दिल्ली,08 मई 2023 (ए)।** फिल्म 'द केरल स्टोरी' पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बड़ा फैसला लेते हुए पश्चिम बंगाल में फिल्म पर बैन लगा दिया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि 'राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिया यह फैसला लिया गया है।

वहीं बंगाल सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए इस फिल्म के निर्माता विपुल शाह ने कहा, 'अगर उन्होंने ऐसा किया है, तो हम कानूनी कार्रवाई करेंगे। कानून के प्रावधानों के तहत जो भी संभव होगा, हम लड़ेंगे।'

बता दें कि रिलीज से पहले ही बॉलीवुड फिल्म 'द केरल स्टोरी' विवादों में घिर गई थी। अदा शर्मा की इस फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही फिल्म को लेकर बवाल मचा गया। मामला कोर्ट तक पहुंच गया, बावजूद इसके फिल्म को लेकर मचा हंगामा खत्म नहीं हुआ। हालांकि बवाल के बीच फिल्म अच्छी खासी कमाई भी कर रहा है।

'द केरल स्टोरी' के रिलीज के दो दिन बाद तमिलनाडु मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ने सिनेमाघरों में फिल्म दिखाने से साफ इनकार कर दिया है। अगर फिल्म के कमाई की बात करें तो तीसरे दिन का कलेक्शन अपने ओपनिंग डे से दोगुना ज्यादा किया है। हालांकि तमिलनाडु और कई अन्य राज्यों में फिल्म की स्क्रीनिंग को कैंसिल कर दिया गया। वहीं, मध्य प्रदेश में फिल्म की टैक्स फ्री स्क्रीनिंग हो रही है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 8.03 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। दूसरे दिन 11.22 करोड़ रुपए का कलेक्शन हुआ था। तीसरे दिन यानी रविवार को फिल्म ने 16 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म ने 3 दिन में 35.25 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।



# राष्ट्रपति मुर्मू के हेलिकॉप्टर के साथ तस्वीर लेना पड़ा महंगा

**भुवनेश्वर ,08 मई 2023 (ए)।** ओडिशा के बारिपदा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के एक कार्यक्रम में बिजली के व्यवधान को लेकर विवाद अभी जारी है, इस बीच मयूरभंज के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी (सीडीएमओ) ने राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर के साथ तस्वीर खींचने के मामले में एक फार्मासिस्ट को निलंबित कर दिया है। एक अधिकारी ने कि सीडीएमओ डॉ रूपभानु मिश्रा ने राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर के साथ तस्वीर खींचने और उसे फेसबुक पर डालने के मामले में फार्मासिस्ट जशोबंत बेहरा को निलंबित कर दिया है। बेहरा को पांच मई को राष्ट्रपति के सिमिलीपाल नेशनल पार्क के भ्रमण के दौरान उनके चिकित्सा दल में तैनात किया गया था। बेहरा ने कहा, मैंने केवल याद रखने और आनंद के लिए कुछ तस्वीरें मेरे फेसबुक अकाउंट पर लगा दी थीं। मेरा ऐसा करने के पीछे कोई और इरादा नहीं था। हालांकि, मैंने हेलीकॉप्टर की सुरक्षा में लगे वायु सेना के कुछ कर्मियों से इसकी मौखिक अनुमति ली थी। राष्ट्रपति महोदया जैसी महान हस्ती जिले में आई थीं और मैं हैलीपैड पर ड्यूटी में था तो तस्वीरों को स्मृति के तौर पर रखना चाहता था। उन्होंने दावा किया कि फेसबुक खाते से उन्होंने तस्वीरें हटा ली हैं। ये तस्वीरें हेलीकॉप्टर के पास से मोबाइल फोन कैमरे से खींची गई थीं।


# आईएएफ का एमआईजी-21 विमान क्रैश होकर मकान पर गिरा



**हनुमानगढ़ ,08 मई 2023 (ए)।** राजस्थान के हनुमानगढ़ में वायु सेना का मिग-21 क्रैश हो गया है। जानकारी के अनुसार, उड़ान भरने के 15 मिनट बाद ही तकनीकि खराबी के बाद पायलट ने विमान पर नियंत्रण खो दिया था। हादसे से पहले दोनों पायलट ने खुद को विमान से अलग कर लिया था। हालांकि विमान के एक रिहायशी इलाके में गिरने से इसकी चपेट में आने से 4 ग्रामीण की मौत की खबर सामने आई है। वायुसेना ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इससे पहले जनवरी में राजस्थान के भरतपुर में प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान भारतीय वायु सेना के दो लड़ाकू जेट एक सुखोई एसयू -30 और एक मिराज 2000 के दुर्घटनाग्रस्त होने सेस पायलट की जान चली गई थी। इनमें से एक हादसा मध्य प्रदेश के मुरैना और दूसरा राजस्थान के भरतपुर में हुआ था।

# छत्तीसगढ़ को मिला स्कॉच सिल्वर अवार्ड

## छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग को मिला ऱ्ीय स्तर का प्रतिष्ठित स्कॉच सिल्वर अवार्ड, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने दी विभाग के अधिकारियों को कर्मचारियों को बधाई




**रायपुर ,08 मई 2023 (ए)।** उच्च शिक्षा विभाग को छत्तीसगढ़ के ''प्रोजेक्ट असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन'' को देश की प्रतिष्ठित स्कॉच सिल्वर अवार्ड प्रदान किया गया है। विभाग को यह अवार्ड देश के कई बड़े एवं महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के साथ प्रतियोगिता करते हुए कई चरणों की प्रस्तुतिकरण, वोटिंग एवं उपलब्धियों के कारण प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने विभाग के अधिकारियों को कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

उच्च शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नैक के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों के अनुरूप शैक्षणिक अधोसंरचना एवं अकादमिक स्तर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर नैक से संबद्धता प्राप्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया है। कुल 211 अहर्ता प्राप्त शासकीय महाविद्यालयों में से 197 शासकीय महाविद्यालयों का नैक से मूल्यांकन कराकर छत्तीसगढ़ देश में सर्वोच्च स्थान पर है।

सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि कॉलेज में प्रवेश लेने वालों छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जहां 2018-19 में करीब 2 लाख 26 हजार 373 छात्रों ने कॉलेज में प्रवेश लिया वहीं यह संख्या वर्ष 2022-23 में 48 प्रतिशत बढ़कर 3 लाख 35 हजार 139 हो गई है। जो कि 2018-19 की तुलना में एक लाख 8 हजार 766 अधिक है। कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विगत 4 वर्षों में कुल 33 नवीन शासकीय एवं 76 अशासकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई है।

उच्च शिक्षा में लड़कियों को प्रोत्साहन देने के लिए 26 कन्या महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। अन्य महाविद्यालय में सह-अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। वर्ष 2018-19 में जहां 91,982 छात्रों की तुलना में 1,34,391 छात्राओं ने कॉलेज में एडमिशन लिया वहीं 2022-23 में यह बढ़कर छात्रों की संख्या 1,28,310 एवं छात्राओं की संख्या 2,06,829 हो गई है। जो की छात्रों की तुलना में छात्राओं का संख्या 61 प्रतिशत अधिक है



# नाव पलटने से 21 लोगों की मौत

### » पीएम मोदी ने की पीड़ितों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए देने की घोषणा

**तिरुवनंतपुरम ,08 मई 2023 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के मलप्पुरम में बीती शाम नौका दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, केरल के मलप्पुरम में नौका दुर्घटना में लोगों की मौत से आहत हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी।इस बीच, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भी नाव दुर्घटना में मारे गए लोगों के निधन पर शोक व्यक्त किया और बताया कि वह दुर्घटनास्थल का दौरा करेंगे और सोमवार को शोक संतप्त परिवारों से मिलेंगे। गौरतलब है कि रविवार रात मलप्पुरम के तनूर में एक पर्यटक नौका के पलट जाने से पांच बच्चों सहित कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई।

# आनंद मोहन की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट ने नीतीश सरकार को जारी किया नोटिस

### 2 हफ्तों में मांगा जवाब



**पटना ,08 मई 2023 (ए)।** आनंद मोहन की रिहाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बिहार की नीतीश कुमार सरकार को नोटिस जारी किया है। साथ ही पूर्व सांसद आनंद मोहन को भी नोटिस दिया गया है। दिवंगत आईएएस जी. कृष्णैया की पत्नी उमा देवी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ये आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस नोटिस के बाद अब आनंद मोहन और बिहार सरकार को 2 हफ्तों के अंदर जवाब देना होगा। दरअसल, आईएएस अफसर जी. कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आनंद मोहन की रिहाई के फैसले का उमा देवी ने विरोध किया था। उन्होंने नीतीश कुमार सरकार के जेल मैनुअल में बदलाव किए जाने पर भी सवाल खड़े किए थे।

जी. कृष्णैया की पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका को लेकर कहा था कि मुझे न्यायालय पर पूरा भरोसा है। दरअसल, बीते 10 अप्रैल को ही नीतीश कुमार सरकार ने जेल मैनुअल में बदलाव किया था। जिसके बाद आनंद मोहन की जेल से रिहाई का रास्ता साफ हुआ। 26 अप्रैल को पूर्व सांसद जेल से रिहा भी हो गए। इसी के बाद उमा देवी सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं। उनकी याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई जिसमें आनंद मोहन और नीतीश सरकार को नोटिस जारी किया गया। हालांकि, आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ विपक्षी पार्टी बीजेपी समेत कई पार्टियों ने सवाल खड़े किए थे। आनंद मोहन की जेल से रिहाई के बाद भी उनकी मुश्किलें थमती नहीं दिख रही। बिहार सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज किया गया। पटना हाईकोर्ट में भी इस पर पीआईएल दायर की गई।

## संपादकीय

### भाजपा का हल्ला और कांग्रेस की चुप्पी!

कर्नाटक विधानसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे भाजपा का हल्ला बढ़ता जा रहा है, जबकि उसी अनुपात में कांग्रेस का शोर थमता जा रहा है। सवाल है कि कांग्रेस ने कैसे इस तरह से अपना चुनाव प्रचार प्लान किया कि आखिरी दिनों में बड़े नेताओं का प्रचार नहीं हो रहा है? राहुल गांधी की आखिरी चुनावी सभा दो मई को हुई, उसके बाद छह मई तक वे प्रचार के लिए नहीं गए। पता नहीं दिल्ली में वे क्या करते रहे? शुक्रवार को जरूर यह सुनने में आया कि वे दिल्ली यूनिवर्सिटी गए थे और पीजी मेन्स हॉस्टल में यूनिवर्सिटी के छात्रों से मिले और उनके साथ खाना खाया। क्या यह काम उनको कर्नाटक की किसी यूनिवर्सिटी में जाकर नहीं करना चाहिए था?

इसी तरह प्रियंका गांधी वाड्रा की आखिरी रैली भी दो मई को हुई और उसके बाद वे छुट्टी मनाने राजस्थान के रणथंभौर चली गईं। कांग्रेस के दोनों स्टार प्रचारकों के ऐन मतदान से पहले छुट्टी पर जाने के बाद सोनिया गांधी कर्नाटक पहुंचीं और उन्होंने हुबली में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। चार साल के बाद वे किसी चुनाव प्रचार में उतरी थीं तो इसका माहौल बना लेकिन उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो भारी पड़ा। कांग्रेस नेताओं के प्रचार से छुट्टी लेने के मुकाबले भाजपा के प्रचार को देखें तो फर्क पता चलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक तरह से कर्नाटक में डेरा डाला है। शुक्रवार से रविवार तक तीन दिन लगातार उनके कार्यक्रम लगे। उन्होंने शुक्रवार और शनिवार को छह चुनावी रैलियों को संबोधित किया और एक रोड शो किया। रविवार को वे तीन सभा करेंगे और बेंगलुरू में रोड शो करेंगे। वे बजरंग बली से लेकर 'द केरल स्टोरी' फिल्म तक का मुद्दा बना रहे हैं और कांग्रेस के शीर्ष नेता आराम करते रहे।

# एक बहुत ही बड़े महान योद्धा थे महाराणा प्रताप

महाराणा प्रताप मेवाड़ के शासक और एक ऐसे महान वीर योद्धा थे जिन्होंने कभी मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नही की। महाराणा प्रताप जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे और कभी हार नही मानी। उनका जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदय सिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने पच्चीस भाइयो में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया।

महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की निती हिन्दू राजाओ की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र केवल 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चित्तोड़गढ़ को चारो और से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चित्तोड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चित्तोड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे। लेकिन उनके परिवार ने चित्तोड़गढ़ जाने से मना कर दिया।

गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रो ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चुंडावत राजपूतो ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया। तब जगमाल सिंह ने बदला लेने के लिए अजमेर जाकर अकबर की सेना में शामिल हो गया और उसके बदले में उसको जहाजपुर की जागीर मिल गयी। इस दौरान राजकुमार प्रताप को मेवाड़ के 54 वे शासक के साथ महाराणा का खिताब मिला।

1572 में प्रताप सिंह मेवाड़ के महाराणा बन गये थे। लेकिन वो पिछले पांच सालो में चित्तोड़गढ़ नहीं गये थे। महाराणा प्रताप को अपने पिता के चित्तोड़गढ़ को पुनः देख बिना मौत हो जाने का बहुत अफसोस था। अकबर ने चित्तोडगढ़ पर तो कब्जा कर लिया था। लेकिन मेवाड़ का राज अभी भी उससे बहुत दूर था। अकबर ने कई बार अपने दूतो को महाराणा प्रताप से संधि करने के लिए भेजा। लेकिन महाराणा प्रताप ने संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया। 1573 में संधि प्रस्तावों को ठुकराने के बाद अकबर ने मेवाड़ का बाहरी राज्यों से सम्पर्क तोड़ दिया और मेवाड़ के सहयोगी दलों को अलग थलग कर दिया।

महाराणा प्रताप ने मुगलों से सामना करने के लिए अपनी सेना को अरावली की पहाडियों में भेज दिया। महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे जहां मेवाड़ की सेना थी। क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी ईलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नही था। पहाडियों पर रहने वाले भील भी राणा प्रताप की सेना के साथ हो गये। महाराणा प्रताप खुद जंगलो में रहने लगे ताकि वो जान सके कि स्वंत्रतता और अधिकारों को पाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने पत्तल पर भोजन किया, जमीन पर सोये और दाढी नही बनाई। दरिद्रता के दौर में वो कच्ची झोपडियो में रहते थे जो मिटटी और बांस की बनी होती थी।

18 जून 1576 को महाराण प्रताप के 20 हजार और मुगल सेना के 80 हजार सैनिको के बीच



हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हो गया। उस समय मुगल सेना की कमान अकबर के सेनापति मान सिंह ने संभाली थी। महाराणा प्रताप की सेना मुगलों की सेना को खदेड़ रही थी। महाराणा प्रताप की सेना में झालामान, डोडिया भील ,रामदास राठोड़ और हाकिम खा सूर जैसे शूरवीर थे। मुगलों के पास तोंपे और विशाल सेना थी। लेकिन प्रताप की सेना के पास केवल हिम्मत और साहसी जांबाजो की सेना के अलावा कुछ भी नही था।

महाराणा प्रताप के बारे में कहा जाता है कि उनके भाले का वजन 80 किलो और कवच का वजन 72 किलो हुआ करता था। इस तरह वह भाला, कवच, ढाल और तलवारों को मिलाकर कुल 200 किलो का वजन साथ लेकर युद्ध करते थे।

इतिहासकार कर्नल टॉड ने हल्दी घाटी के युद्ध को मेवाड़ की थर्मोपल्ली की संज्ञा दी है। इस युद्ध में महाराणा प्रताप का स्वामी भक्त एवं प्रिय घोड़ा चेतक मारा गया। हल्दी घाटी के युद्ध में पराजय के बावजूद महाराणा प्रताप के यश और कीर्ति में कोई कमी नहीं आई। बल्कि हल्दी घाटी को इस युद्ध ने समूचे भारत के स्वाधीनता प्रेमियों के लिए पूजनीय क्षेत्र बना दिया। वहीं इस युद्ध ने महाराणा प्रताप को जननायक के रूप में सम्पूर्ण भारत में प्रसिद्ध कर दिया।

हल्दी घाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप के जीवन में जिस संकट काल का प्रारंभ हुआ वह लगभग दस वर्ष (1576-1586) तक चला और बीतते समय के साथ वह अधिक विषम होता चला गया। इस दौरान गोगुन्दा से दक्षिण में स्थित राजा गांव में महाराणा के परिवार को घास की रोटी भी नसीब नहीं हुई और एक बार वन विलाव उनके भूखे बच्चों के हाथ से घास की रोटी भी छीन कर ले गया था।

इस संकट के समय में महाराणा प्रताप के मंत्री भामाशाह और उनके भाई ताराचंद ने मुल्क मालवे से दण्ड के 25 लाख रूपए तथा 20 हजार स्वर्ण मुद्राएं उनकों भेंट कर अपनी स्वामी भक्ति का परिचय दिया। इस धन से उन्होंने पुनः सेना जुटाकर दिवेर को जीत लिया और चांवड पंहुचकर अपना सुरिक्षत मुकाम बनाया। मेवाड़ के बचे हुये भू भाग पर फिर से महाराणा का ध्वज लहराने लगा। बांसवाडा और डूंगरपुर के शासकों को भी पराजित कर प्रताप ने अपने अधीन कर लिया। अकबर के आक्रमक अभियानों की समाप्ति के बाद मेवाड़ में नए युग का सूत्रपात हुआ। महाराणा प्रताप ने एक वर्ष में ही चितौड़गढ़ और जहाजपुर को छोडकर सम्पूर्ण मेवाड़ पर सत्ता कायम कर ली। उन्होंने चांवड को अपनी राजधानी बनाकर सारे राज्य में शांति व्यवस्था कायम की।

महाराणा प्रताप कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ पीडितों और विद्वानों का आदर भी करते थे। उनकी प्रेरणा से ही मथुरा के चक्रपाणी मिश्र ने विश्व वल्लभ नामक स्थापत्य तथा मुहूर्त माला नामक ज्योतिष ग्रंथ की रचना की। चांवड मे चावंड माता के मंदिर का निर्माण भी महाराणा प्रताप ने ही करवाया था। उनके दरबार में कई विख्यात चारण कवि थे। जिनमें कविवर माला सांदू और दुरासा आढा ने उनकी प्रंशसा में उच्च कोटि की काव्य रचना की। सादड़ी में जैन साधू हेमरत्न सूरि ने गोरा बादल-पद्मिनी चौपाई की रचना भी महाराणा प्रताप के समय ही की थी। महाराणा प्रताप ने चावंड को चित्रकला का केन्द्र बनाकर नई चित्र शैली मेवाड शैली का प्रारम्भ करवाया था।

महाराणा प्रताप ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में अपने पहले पुत्र अमर सिंह को सिंहासन पर बैठाया। महाराणा प्रताप शिकार के दौरान बुरी तरह घायल हो गये और उनकी 56 वर्ष की आयु में मौत हो गयी। उनके शव को 29 जनवरी 1597 को चावंड लाया गया। इस तरह महाराणा प्रताप इतिहास के पन्नो में अपनी बहादुरी और जनप्रियता के लिए अमर हो गये।

**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

# गैस आधारित अर्थव्यवस्था के लिए युक्तिकरण और सुधार

**» गैस आधारित अर्थव्यवस्था को युक्तिसंगत बनाने के क्रम में सुधार करना**

मोदी सरकार भारतीय उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए कई उपाय कर रही है। जनवरी, 2021 से फरवरी, 2023 के बीच अंतरराष्ट्रीय गैस की कीमतों में 228 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि के बावजूद, भारत में सीएनजी की कीमतों में वृद्धि को 83 प्रतिशत तक सीमित रखा गया है, जो वैश्विक वृद्धि का केवल एक तिहाई है। राजनीतिक तौर पर विरोध कहने वाले, बढ़ती कीमतों की आलोचना करने की हड़बड़ी में, यह देखने में विफल रहते हैं कि अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत ने अपने नागरिकों को अत्यधिक मूल्य अस्थिरता से बचाने के लिए कितने अच्छे कदम उठाये हैं।

घरेलू प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम), गैस आवंटन को बढ़ाने और गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से परिवहन और घरेलू क्षेत्रों में गैस की आपूर्ति करने जैसे सक्रिय उपायों के माध्यम से दूरदर्शी शासन-व्यवस्था ने इसे संभव बनाया है। हाल ही में, महत्वपूर्ण एपीएम गैस मूल्य निर्धारण सुधारों की एक श्रृंखला को मंजूरी देने से संबंधित कैबिनेट निर्णय इस उद्देश्य को और आगे बढ़ाएगा। इन सुधारों के द्वारा दो प्रमुख लक्ष्यों को हासिल किया गया है - पहला, अत्यधिक मूल्य अस्थिरता से भारतीयों की रक्षा करना और गैस आधारित क्षेत्रों में योजनाबद्ध पूंजीगत व्यय से जुड़े निवेश के लिए स्पष्ट रूपरेखा प्रदान करना और दूसरा, अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) में नवाचार और निवेश को और बढ़ावा देना।

नए घरेलू गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देश, 2014 की सीमाओं के कारण युक्तिकरण और सुधार (आर एंड आर) की आवश्यकता सामने आयी, जो हाल तक, चार अंतरराष्ट्रीय केंद्रों पर गैस की मात्रा-भारित औसत कीमत के आधार पर एपीएम की कीमतों को निर्धारित करती थी। इन कीमतों का प्रभाव एक महत्वपूर्ण समय अंतराल (6-9 महीने) के बाद पड़ता था और इससे कीमतों में उच्च अस्थिरता मौजूद रहती थी, यहां तक कि पिछले कुछ वर्षों में दो उत्पादक देशों की गैस हब कीमतों ने अपनी प्रासंगिकता खो दी है।

उदाहरण के लिए, अक्टूबर 2020 और सितंबर 2021 के बीच एपीएम मूल्य 1.79 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू रहा, जो नामित क्षेत्रों के लिए 3.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की उत्पादन लागत से बहुत कम है। इस अवधि के दौरान, पश्चिम भारत में एलएनजी की कीमतों का औसत लगभग 11 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू रहा था। संक्षेप में, घरेलू उत्पादन को एलएनजी की कीमतों के 20 प्रतिशत से भी कम मूल्य प्राप्त हुआ। हालांकि, रूस-यूक्रेन संकट के बाद अंतरराष्ट्रीय हब की कीमतों में 400 प्रतिशत की वृद्धि के कारण सितंबर 2021 में उक्त एपीएम की कीमतें सितंबर 2021 के 1.79 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से बढ़कर अक्टूबर 2022 में 8.57 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू हो गईं, जिसका उर्वरक, बिजली और सिटी गैस वितरण (सीजीडी) क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

सरकार ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं के साथ-साथ राष्ट्रीय तेल कंपनियों को इस तरह की अस्थिरता से बचाने का फैसला किया, एपीएम की कीमतों को मासिक आधार पर निर्धारित किए जाने वाले भारतीय क्रूड बास्केट मूल्य के 10 प्रतिशत पर रखने के साथ-साथ नामांकन क्षेत्रों के लिए 6.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के अधिकतम सीमा और 4.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की न्यूनतम सीमा तय की गयी। अधिकतम सीमा पिछले 20 वर्षों के भारतीय कच्चे तेल की कीमत (लगभग 65 डॉलर प्रति बीबीएल) के 10 प्रतिशत पर निर्धारित की गई है, जबकि न्यूनतम मूल्य का निर्धारण, नामांकन क्षेत्रों से गैस उत्पादन के लिए लगभग 3.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के उत्पादन की सीमांत लागत पर विचार करता है।

अधिकांश भारतीय दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंध, ब्रेंट से लगभग 13 प्रतिशत अधिक पर केन्द्रित रहे थे। एलएनजी अनुबंधों में द्रवीकरण, परिवहन और पुनर्गैसीकरण की लागतों को ध्यान में रखते हुए, घरेलू गैस, एपीएम कीमतों से 10 प्रतिशत अधिक रही।

इन सुधारों के बाद, घरों के लिए खाना पकाने के ईंधन (पीएनजी) की औसत लागत लगभग 10 प्रतिशत कम हो गई है और सीएनजी कीमतों में 6-7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। एक और महत्वपूर्ण लाभ, उर्वरक सब्सिडी में कमी से संबंधित है, जिसके हर साल 2000 करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है।

ये सुधार, नामांकन के परिपक्व क्षेत्रों के लिए न्यूनतम मूल्य प्रदान करके ई व पी क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद करेंगे, साथ ही नामित क्षेत्रों के नए कूओं को भी प्रोत्साहित करेंगे, जो 20 प्रतिशत अधिक मूल्य प्राप्त करेंगे। ओएनजीसी और ओआईएल से उत्पादन पर निर्धारित अधिकतम सीमा पहले दो वर्षों के लिए समान रहेगी और फिर किसी भी लागत मुद्रास्फीति को समायोजित करने के लिए, इसमें हर साल 0.25 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की वृद्धि होगी। ये सुधार नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) क्षेत्रों या उच्च दबाव, उच्च तापमान (एचपी-एचटी) क्षेत्रों की निजी कंपनियों को प्रभावित नहीं करेंगे, जिनके पास अधिकतम कीमत या फरवरी 2019 के बाद प्रस्तुत क्षेत्र विकास योजनाओं से नया गैस उत्पादन मौजूद है। उनके लिए विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता जारी रहेगी।

कैबिनेट के फैसलों को बाजारों और विशेषज्ञों, दोनों तरफ से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। हालाँकि, कुछ टिप्पणीकारों ने इस अखबार के एक ऑप-एड में इन सुधारों के बारे में चिंता जताई है। उनके लेख में कहा गया है कि घरेलू उपभोक्ताओं को यूएस-आधारित हेनरी हब की कीमतों में हाल में आयी कमी से लाभ होता, यदि रूसी गैस की कीमतों में सुधारों को लागू नहीं किया गया होता। लेख इस बात का उल्लेख करना भूल जाता है कि 2014 के नियम के तहत चार हब थे और एक हब की कीमतें, यानी ब्रिटिश-आधारित वर्चुअल ट्रेडिंग ज़ोन नेशनल बैलेंसिंग पॉइंट (एनबीपी) अभी भी 12 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के आसपास है। इसके अलावा, वर्तमान कीमतों ने केवल अक्टूबर 2023-मार्च 2024 के अगले मूल्य चक्र में एपीएम की कीमतों को प्रभावित किया होता। नियम में हाल में हुआ बदलाव यह सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ताओं को लाभ, बिना किसी समय अंतराल के मिले, क्योंकि कीमत अब अर्धवार्षिक आधार के बजाय मासिक आधार पर निर्धारित की जाएगी।

उपरोक्त लेख में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि घरेलू गैस के लिए मौजूदा उच्च कूप की शीर्ष कीमतें, कतर एलएनजी के अलावा, भारत में एलएनजी निर्यात के लिए निरंतर उच्च कीमत सुनिश्चित करती हैं। घरेलू गैस की कीमतों का लंबी अवधि के एलएनजी अनुबंधों या यहां तक कि एलएनजी की तत्काल खरीद से कोई लेना-देना नहीं है। रुके हुए गैस आधारित बिजली संयंत्रों को लेकर भी चिंता जताई गई है। पिछले अर्धवार्षिक मूल्य 8.57 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के दौरान, कुछ बिजली संयंत्रों ने अनुबंधित गैस लेना बंद कर दिया था, जिसके कारण गैस बिक्री और खरीद समझौते (जीएसपीए) के तहत लेने या भुगतान करने की बाध्यता से जुड़ी समस्याएं पैदा हो गई थीं। 6.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की नई सीमा के साथ, गैस बिजली संयंत्रों को अब राहत मिलेगी, जो आवश्यक भी है।

कठिन क्षेत्रों (डीपवाटर, अल्ट्रा डीपवाटर और एचपी-एचटी फील्ड) से गैस उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने मार्च 2016 में अधिसूचित किया था कि एचटीएचपी की अधिकतम कीमतों को आयातित वैकल्पिक ईंधन जैसे एलएनजी और आयातित ईंधन तेल के यहाँ तक पहुँचने के मूल्य के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए। इस सरकार से पहले, इन क्षेत्रों से उत्पादन को व्यावहारिक नहीं माना जाता था। आज, कठिन क्षेत्रों से उत्पादन, कुल घरेलू गैस उत्पादन के लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंच गया है और अगले कुछ वर्षों में इसके 30 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। इन क्षेत्रों से उत्पादन की प्रकृति, जटिलता और व्यावहारिकता को ध्यान में रखते हुए, उनके नियम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

भारत तेल और गैस परिचालन के लिए तेजी से अवसंरचना का विस्तार कर रहा है तथा उपभोक्ताओं और उत्पादकों दोनों के हितों को संतुलित करने के लिए नीतिगत सुधारों को क्रियान्वित कर रहा है। भारत ने अपने गैस पाइपलाइन नेटवर्क की लंबाई 2014 के 14,700 किलोमीटर से बढ़ाकर 2023 में 22,000 किलोमीटर कर दी है। घरेलू कनेक्शन की संख्या 2014 के 22.28 लाख से बढ़कर 2023 में 1.03 करोड़ हो गई है। भारत में सीजीडी से कवर किये गए जिलों की संख्या 2014 के 66 से बढ़कर 2023 में 630 हो गयी है, जबकि सीएनजी स्टेशन 2014 के 938 से बढ़कर 2023 में 5,283 हो गए हैं। भारत की एलएनजी टर्मिनल पुनर्गैसीकरण क्षमता 2014 के 21.7 एमएमटीपीए से बढ़कर 2023 में 42.7 एमएमटीपीए हो गई है, जबकि 20 एमएमटीपीए क्षमता निर्माणाधीन है।

प्राकृतिक गैस की बढ़ती मांग के साथ, भारत अपने ऊर्जा-स्त्रोतों में व्यापक बदलाव के लक्ष्यों के हिस्से के रूप में गैस आधारित अर्थव्यवस्था को साकार करने के मार्ग पर है। भारत के लिए एक स्वच्छ, हरित और सतत ऊर्जा भविष्य का विजन तेजी से वास्तविकता बन रहा है।

लेखक भारत सरकार के केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हैं।


**हरदीप एस पुरी**

## मेरी कलम,शब्द मेरे,मेरी ये कहानी है

कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता हैं,बात हो चुकी ये पुरानी है,
करता जो मेहनत कलम उसका,उसके शब्द,उसकी ये कहानी है
वो जो कहते हैं,कुछ न कर पाएगा
उनका भी हिसाब करना है,
वो नामुमकिन है न जो उन्हे मंजिल
बनाकर,पूरे अपने ख्वाब करना है
आए और गए जहान में लाखों,तेरी
सफलता ही तेरी निशानी है,
करता जो मेहनत कलम उसका ,
उसके शब्द, उसकी ये कहानी है
रास्ते नजर न आये रात अंधेरी में तो ,
खुद को जला जुगनू की तरह चमक तू,
तपा खुद को इतना मेहनत की भट्टी में,
की सूरज की तरह दमक तू
बस तू काबिल बना खुद को,फिर
सफलता बनेगी तेरी दीवानी है
करता जो मेहनत कलम उसका ,
उसके शब्द, उसकी ये कहानी है
अपनी समझ से सोंच को बदल तू
,अपने सोंच से विकास कर,
विनाश कर रुकावटों का,अपनी सोच
से तू आगे बढ़
साकार कर,अपने सपनों को साकार कर,
कर मेहनत तू अपने मन को मार कर,
जीत मिले तो बने कुछ,सीखे बहुत तू हार कर
कोशिश कर तू निरंतर, कुछ न होगा डरने से ,
अपनो को जलन हो रही,अपनो के
आगे बढ़ने से रोकेगी हर कदम पर,
ये दुनिया बड़ी सयानी है,
करता जो मेहनत कलम उसका ,
उसके शब्द,उसकी ये कहानी है
मेरे ये शब्द सिर्फ शब्द नही,
हजारों की कहानी है
मेरी कलम ही पहचान मेरी,
वरना दुनिया में लाखों
जुबेर जिलानी है,
मेरी कलम,शब्द मेरे,मेरी ये कहानी है

**जुबेर जिलानी**
सिंगपुर
धमतरी
छत्तीसगढ़

## हमें चाहिए,संस्कारों के बंधन वाली उन्मुक्तता...



वक्त की अंगराई के साथ घर के आंगन तक सीमित रहने वाली बगिया की तितलियों को परिवार ने उन्मुक्त गगन में उड़ने की खुली आजादी तो दे डाला लेकिन उदारवादीता और आधुनिकता का दंभ भरने वाले बौद्धिक रूप से संपन्न परिवार ने इन मासुम कलियों को यह बताना उचित नहीं समझा या यह समझाने में असफल रहे कि पतंग की ऊंची उड़ान के पीछे संस्कार के उस धागे का सबसे बड़ा रोल होता है, जिसे वह दहलीज पार कर उच्च शिक्षा प्राप्त करते ही अपनी उन्मुक्तता के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा समझने लगती है। आज की नई पीढियां और खासकर टीन एज की लड़किया उस परिवार और माता पिता से बागवत करने को आतुर है, जिसने सामाजिक वर्जना और संस्कृति के कठोर बंधन से बगावत कर उसे अपनी जिंदगी संवारने के लिए उन्मुक्त वातावरण प्रदान किया है। अगर हम इतिहास के पन्नों को थोड़ा पलटेंगे तो हमें सहज ही एहसास होगा कि नारी शिक्षा और उसकी स्वतंत्रता के मामले में हमारे समाज की सोच कितना संकीर्ण थी लेकिन उस संकीर्णता पर कठोर कुठारघात कर अगर कोई माता पिता अपने बच्चों को बड़े शहरों में खुली जिंदगी जीने का अवसर प्रदान करते हैं तो उसे अपने संतान से इस बात की पूर्ण प्रत्याशा रहती है कि अपनी नादानी या भावुकता में वह लैला मजनू और हिर रांझा के अमर प्रेम कहानियों की आड़ में बॉलिवुड के उच्छृंखल और फूहड़ मनोरंजनात्मक दृश्यों को व्यवहारिक जीवन पटल में उतार कर परिवार और खुद से जुड़े लोगों को शर्मशार होने पर विवश नहीं करे। लक्ष्मीबाई के इस पावन भूमि पर महिलाओं ने अपनी और अपने परिवार की प्रतिष्ठा के लिए जौहर के खूनी खेल से अग्नि के तपिश को भी शर्मसार कर दिया है, उस देश में आए दिन अगर कुछ तथाकथित आधुनिक लड़कियां इश्क के भ्रमजाल में कुछ दिनों तक नैन लड़ाकर खुद के परिवार और समाज से बगावत कर रही है तो इसका खामियाजा आने वाली नई पीढ़ी को भुगतना पड़ सकता है और संभव है कि माता पिता अपनी बच्चियों को अपनी प्रतिष्ठा धूमिल होने के रिस्क पर उच्च शिक्षा के लिए आजादी प्रदान करने से परहेज करने को विवश होने लगे। मनुष्य सामाजिक प्राणी है और समाज की छोटी बड़ी हलचल बहुत सारे लोगों के जीवन को प्रभावित करती है। आइए संस्कारों के बंधन में बंधकर उन्मुक्तता की ऐसी उड़ान उड़े कि कोई और न सही जिसने हमें जन्म दिया है, वह हमारे ऊपर जरूर गर्व करे और अगर किसी ने वाकई आपसे प्यार किया है तो वह आपके माता पिता को भी राजी करके दिखाए। इसके बगैर सारी आधुनिकता और सारी सफलताएं व्यर्थ हैं ....


**विपिन वियान हिंदुस्तानी**
कटिहार (बिहार)

# छत्तीसगढ़ म नौकरी के बरसात,जोन भीगगे उही खास

आरक्षण के अदालती फइसला के राहत ले छत्तीसगढ़ म आनी-बानी के बिकेंसी के धुआ गुंगवात हे। जरूरी घलो हरे काबर की चुनावी बछर म अगर सरकारी नौकरी के छमाछम बरसा नइ होही त, रोजगार के नाव म वोट के खेल बिदर जहीं। बर्तमान म बेरोजगारी के मार झेलत लइका मन के मन तको मुस्कुरावत हे, काबर की गेदराए आम रूपी सरकारी नौकरी के अबसर म अपन भविष्य के किसम-किसम के सपना के बियासी करे के तियारी चलत हे।

भरती परीक्षा ले लेके,नियुक्ति तक के दउड़ म कोनो कसर म छुटय कहिए, कोचिंग के मार्गदर्शन बर घलो युवा मं ठउर-ठउर भटकता हे। गोठ चाहे दंतेवाडा के हो, अम्बिकापुर, सरगुजा या दूरुग भिलई के हो कोचिंग सेंटर के संचालक मन तो चिल्ला-चिल्ला के कहत हे, कका हे-तो भरोसा हे। परिक्छा म पास होए अऊ नौकरी के बाट जोहे बर उदिम-उदिस के परियास करत हे। कोनो गुरुजी,कोनो आपरेटर त कोनो कहत हे चपरासी भर के नौकरी लगा दे कका। अंधों के लेना न मांधो के देना के हाना तो जम्मो सूने हवन, इसने कस आज काली के टूरा-टानका इहो गोठ ल बिसरा ठारिन की नौकरी बिगन तो संगवारी नइ पूछे, अउ नइ पूछे दाई घर म दार-भात, बिहतरा तो बनते रहिथन, बने दुल्हा बर पूछे ससुरा करथस का तेज कोनो सरकारी काज। मनों सरकारी नौकरी नइ रासन कारड हरे, मिलिस तो मांदी भात नही त परो उपास।

जुगाड़ के इसी सरेखा म मोला सुरता आथे। जइसे नौकरी के भरती खूलथे- तइसे डिग्री तो डिग्री तत्काल वाला डिग्री के कारोबार के यहा गर्मी के महिना मं भूरीं तपईया मनके कोनो कमी नइ हे। नमुसी के कोन ल चिंता हे, अभी तो अबसर जिंदा हे कहिके घलो, बीच रथिया के छपा-छपा लइ-चोपी कस धकाधक डिग्री घलो छप जथे। काबर सरकारी नौकरी के सवाल हे बबा।




जइसे नंदिया म पानी बर कलपत मनखे बर चुहरा के छलक जिंनगी के आस बन जथे। जइसे भोरहा के खोंधरा हर, आसा के पियास बन जथे। उसने बेरोजगारी के करिया रंग ल मिटाए बर पाउडर थोकन माहंगी म बिसा लेबे तभो का घाटा हे। भई जिनगी के भरके फइदा अउ परिबार ल इहीं कलियुग म सतयुग के सुख दिखाए के इरादा हे। इसने मरम के चार तिरिया चक्कर तको चलत हे। परेतिन के बेनी धरईया कस अठल-मठल करके डिग्री छपईया मन के कोन से कमी हे।

अउ तो अउ हुदर-हुदर के परान लेवइया परोसी के सवाल के जवाब देके बेर आगे कहिके ददा तो, अखबार के कोंटा-कोंटा ल पढ़त हे। काबर की भक्का म नौकरी हर दुरगासी चाटी के बिला ले निकले कस अजो,काली अउ परनदिन निकलत हे। दई के ताना अऊ समधिन के चिढ़ाना कि अतेक पढ़े ले का करेस, टंगिया धर के बनबिलवा मन कस घुमथ, जइसे जम्मों हाना ल थिराना हे काबर की एसो प्रतियोगिता परिक्छा दिलाना हे।

फेर चिंता कोनो ल नइ हे कि परिक्छा के बाद का होही। का बरा सोहारी चुरही धुन पिछ्घुच्चा चुनावी बछर कस नौकरी के लाहर, कस मन के लाडू मने म घुट जही। का चुनाव से पहली रिजल्ट अउ ज्वाइनिंग के इंटा रच जही। धून अंडा के घर बनाए अऊ पथारा के छानही कस किसा होके। कलेजा चिटपुटा के रह जही ए तो खैर बखत हर जरूर बताही। अभी तो अटकन-मटकन के बेरा हे, जोन परिक्छा म पछुवाही उही दाम दिही, बाकी तो जिंनगी आराम ले जिही क नारा अछी छत्तीसगढ़ के भुइंया म छाए हे। काबर रोजगार के वादा पुरा करे बर कका घलो कमर कसके आघु आए हे।

बांचे खोचें म जोन आखरी बछर के पढ़ई करइया लइका मन के मनतरपी होवत हे। अतेक छटपटासी म उदासी के घला बादर छावत हे। काबर की चुनाव के बाद बछर दू-चार बछर तो भरती के अकाल जरूर परही। अइसे म परिक्छा म नइ बइठ सकिन देकर मन के जी जरूर तड़पही। जी भूलवारे बर दू चार गाने हे, बाचे कसर ल सोशल मीडिया हर पूरा करही। न खाए भात सुहाही ना खाए साग मिठाही, कोन जनी फेर कब सरकारी नौकरी के बदरा छाही।

**पुखराज प्राज**
फिंगेश्वर,गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## पांखड

धर्म के नाम पर करते खिलवाड़
उल्टा सीधा कर्म है इनका संसार
भूल गये साधु संत का संस्कार
कानून का तमाचा जड़ो सरकार
बेईज्जती की जिनको परवाह नहीं
धर्म को बनाया है रोजगार कहीं
मठ बना कर करते हैं गलत काम
मूरख बन रही जनता इनसे तमाम
कितने का जीवन को अंधेरा में डाला
मासुम भोले भाले बनते इनका निवाला
कानून से जब पड़ जाता है कभी पाला
जेल पहुँचते निकल जाता है दिवाला
खुद भगवान का अवतार बतलाता
देवदूत बन सबको है समझाता
अच्छे अच्छे को कभी चूना भी लगाता
ढोंग का नया आयाम सब को दिखलाता
ढोंगी पाखंडी का करना है अब पहचान
खुद का कष्ट का ये नहीं कर पाया निदान
फिर कैसे ये कहलाता है खुद भगवान
बचना इन पाखंडी से रे जग में इन्सान

**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला
बाँका बिहार

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# पिछले चुनाव में सरगुजा सम्भाग की सभी 14 सीटों पर विजय मिली थी,2023 में इसी सफलता को दोहराना बड़ी चुनौती

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

कांग्रेस ने आज बूथ प्रबंधन की समीक्षा के साथ सरगुज़ा मे चुनावी तैयारियों का शुभारम्भ कर दिया।पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, राजीव भवन में सरगुज़ा सम्भाग के सभी विधायकों, जिला और ब्लॉक अध्यक्षो, जिला प्रभारियों की बैठक लेकर बूथ, सेक्टर और जोन कमेटियों के कामो की समीक्षा की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने बूथ कमेटी के अध्यक्षो से फोन के माध्यम से बात के वस्तुस्थिति की जानकारी ली।उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में सरगुज़ा सम्भाग की सभी 14 सीटों पर विजय मिली थी ।2023 में इसी सफलता को दोहराना बड़ी चुनौती है। उन्होंने उपस्थित विधायको और मंत्रियों को बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की नसीहत दी।पीसीसी अध्यक्ष ने साफ कहा संगठन के जमीनी कार्यकर्ताओ की उपेक्षा से जीत नहीं मिल सकती। प्रदेश प्रभारी सचिव चंदन यादव सरगुज़ा में बूथ कमेटी के तैयारियो से प्रभावित दिखे ।उन्होंने कहा सरगुज़ा जिले में बूथ स्तर पर बेहतर काम हुआ है। बलरामपुर और जशपुर जिलों में और काम करने की जरूरत है।आगामी दिनों में जिले वार बैठक लेकर कमियों को दूर किया जाएगा।उन्होंने सत्ता और संगठन में तालमेल बनाकर चलने की बात कही। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने राजनीति में अपने अनुभव को साझा किया।उन्होंने कहा कि पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीति की होने के बाद भी उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता बड़ी देर के बाद ली थी। सम्भाग में ज्यादातर ब्लॉक अध्यक्ष अनुभवी




है।इनके अनुभव का लाभ कांग्रेस को मिलेगा।पहली बार चुनाव जीतना आसान होता है, दूसरा चुनाव कठिन हो जाता है। कई तरह की स्थितियां बनती है लेकिन कांग्रेस पार्टी से जुड़ाव इतना गहरा है कि इधर उधर की बात सोंचना भी असम्भव है। कांग्रेस की जीत के लिए सभी को एक साथ जुटना होगा। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने ब्लॉक अध्यक्षो को हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया। शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह ने बूथ की मजबूती पर बल दिया ।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओ के मदद के बिना कोई भी चुनाव जीतना सम्भव नहीं है।विधायक या मंत्री कोई एक बनता है। बैठक का संचालन बूथ कमेटी के प्रदेश संयोजक अरुण सिसोदिया प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष डॉक्टर जेपी श्रीवास्तव ने किया। बैठक में विधायक डॉ प्रीतम राम, विनय भगत,यूडी मिंज, डॉ विनय जायसवाल, गुलाब कमरों जिला प्रभारी महामंत्री सरगुज़ा फुलकेरिया भगत,कोरिया द्वितेंद्र मिश्रा, सूरजपुर डॉ जेपी श्रीवास्तव,बलरामपुर आरती सिंह,जशपुर बासुदेव भगत सहित सरगुज़ा सम्भाग के 59 में से 54 संगठन ब्लॉक के अध्यक्ष उपस्थित थे।

### सरगुज़ा में 776 नहीं 782 बूथ

सरगुज़ा जिले का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया निर्वाचन आयोग की सूची मे सरगुज़ा जिले में 776 बूथ है जबकि वास्तविकता इससे अलग है। भटगांव विधानसभा के 6 बूथ अभी भी सूरजपुर जिले में है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सरगुज़ा के कामो की जमकर सराहना की।

## बूथ महत्वपूर्ण इकाई हैं,बूथ जीतेंगे तो हर इकाई जीत लेंगे : मोहन मरकाम

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

दो दिवसीय सरगुजा दौरे पर पहुंचे पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने सोमवार को शहर के सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर कहा कि मिशन 2023-24 को लेकर बूथ स्तरीय संभागीय समीक्षा बैठक की गई। मरकाम ने कहा कि बूथ महत्वपूर्ण इकाई हैं, बूथ जीतेंगे तो हर इकाई जीत लेंगे। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार है,सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना हमारा दायित्व है।2023 का चुनाव बड़ा टास्क है,इस बार विधानसभा चुनाव में 75 प्लस का टारगेट रखा गया है।वही प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि इस बार सरगुजा संभाग की 14 विधानसभा सीटों को पाना सबसे बड़ी चुनौती रहेगी. जिसको देखते हुए संकल्प शिविर और संगठन की बैठक लेकर पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया गया है।किसी भी चुनाव को कम नही आक सकते है,इसलिए कड़ी मेहनत करना होगा। बैठक एवं प्रेस वार्ता में संभाग के तीनों मंत्री टीएस सिंह देव,अमरजीत भगत,प्रेमसाय सिंह टेकाम सहित सरगुजा संभाग के 11 विधायक उपस्थित थे।

पीसीसी चीफ ने कहा की यह सरगुजा में चौथा संभागीय समीक्षा बैठक है,इसके बाद बस्तर संभाग में संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। पीसीसी चीफ ने कहा सोमवार को सरगुजा संभाग के 14 विधानसभा सीटों के विधायक, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष की समीक्षा बैठक अंबिकापुर के राजीव भवन में आयोजित की गई ,इस बैठक में बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं को किस तरह से मजबूत किया जाए.इस पर रणनीति तय की गई।वार्ता में पत्रकारों द्वारा सत्ता एवं संगठन के बीच दूरी एवं चुनाव जीतने को लेकर प्रश्न किया गया तो श्री मरकाम ने कहा कि सत्ता एवं



संगठन में दूरी नहीं है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव दोनों एक ही परिवार के सदस्य हैं,सभी मिलजुल कर काम करेंगे।श्री मरकाम ने कहा कि पांचों उंगली बराबर नहीं नहीं है इसलिए थोड़ी बहुत बात हो जाती है। इस बार कांग्रेस का चेहरा कौन होगा के प्रश्न पर श्री मरकाम ने कहा कि चेहरा हाईकमान तय करती है,वर्तमान में हम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरे पर ही चुनाव लड़ेंगे।

वार्ता के दौरान स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने कहा कि बूथ स्तरीय संभागीय बैठक में संभाग के प्रत्येक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्य मौजूद थे,जो नहीं आए थे उनसे फोन पर भी वार्ता की गई।श्री सिंह देव ने कहा कि केवल कागज में काम नहीं मैदान मे भी चेक किया, संगठन ही एकमात्र उपाय जीतने का है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी चंदन यादव ने कहा कि तैयारी की समीक्षा की गई है।ब्लॉक अध्यक्ष से फीडबैक भी लिया गया है। 23-24 निश्चित ही फतह करेंगे।

मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के नेतृत्व में यह बैठक सार्थक रहा।थोड़े बहुत गिले शिकवे भी रहे लेकिन बैठक सार्थक रहा।कोई भी चुनाव चुनौती होती है,हम सरकार के विकास के दम पर एवं कार्यकर्ताओं के दम पर निश्चित ही चुनाव जीतेंगे। मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि बूथ मजबूत करें और शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं निश्चित सरकार हमारी बनेगी।प्रेस वार्ता में सरगुजा संभाग के 11 विधायक एवं श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष सफी अहमद, जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, प्रवक्ता आशीष वर्मा, सैयद अख्तर सहित सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की गई जान

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

सड़क दुर्घटना व कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए तीन लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम परसा पारा निवासी अर्जुन सोनवानी पिता जगलाल सोनवानी (45 वर्ष) शुक्रवार को किसी काम के सिलसिले में सुमेरपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान नवापारा के समीप वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को रामानुजनगर अस्पताल से सूरजपुर भर्ती कराया गया वहीं घायल की नाजुक हालत होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। इधर घायल के साथ किसी के नहीं होने पर अस्पताल स्टाफ ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने परिजन की तलाश कर उन्हें घटना की सूचना दी। वहीं सोमवार को घायल की आईसीयू में उपचार के दौरान मौत हो गई। दूसरी घटना में वाड्रफनगर निवासी फूलमतिया देवांगन पति राम चंदर (48 वर्ष) गत दिन घर में पुत्र भगवान के साथ थी जबकि पति खेत में काम करने गया था। इस दौरान महिला ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन महिला को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी तरह सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम दवनगरा निवासी संतोष आ. गोविन्द्र(41 वर्ष) गत दिन दोपहर सीने में दर्द होने की शिकायत करने लगा। परिजन उसे सूरजपुर से रिफर करने पर शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के कीटनाशक पी लेने की आशंका पर चिकित्सकों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तीनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## सेवानिवृत सहायक उप निरीक्षक बालमुकुंद सिंह को सम्मान समारोह आयोजित कर दी गई विदाई



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक बालमुकुंद सिंह के सेवानिवृत होने पर पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि आप जैसे अनुभवशील अधिकारियों के माध्यम से कई गंभीर मामलों में सरगुजा पुलिस को आपका अमूल्य योगदान प्राप्त हुआ हैं। आपकी सेवानिवृत्ति पर सरगुजा पुलिस की ओर से आपके स्वास्थ्य जीवन की शुभकामनायें देती हूँ और आगे निरंतर प्रगति करने एवं हमेशा अपने अनुभवो से सरगुजा पुलिस की मदद करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। सेवानिवृत सहायक उप निरीक्षक वर्ष 1983 मे पुलिस विभाग मे आरक्षक के पद पर मध्यप्रदेश के खरगोन जिले मे भर्ती हुए थे, वर्ष 1988 में सरगुजा जिले मे पदंस्थापना हुई तत्पश्चात सरगुजा जिले मे ही आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति एवं प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ होकर कार्यरत रहे, सहायक उप निरीक्षक बालमुकुंद सिंह से उनके कार्यकाल के अनुभव को साझा किया गया एवं सेवानिवृति के पश्चात की योजनाओं के संबंध मे भी जानकारी ली गई, कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा सहायक उप निरीक्षक को शाल श्रीफल के साथ मोमेंटो प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई, साथ ही कार्यालयीन स्टाप को जल्द सभी कार्यवाही पूर्ण कर सभी देयताय पूर्ण करने एवं पेंशन की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

विदाई सम्मान समारोह के दौरान स्टेनो फबियानुस तिर्की,रक्षित निरीक्षक जयराम चरमाको, रीडर अजीत मिश्रा,सहायक उप निरीक्षक (एम) अरविन्द मिंज, समस्त कार्यालयीन स्टाप एवं सेवनिवृत पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी के परिवारो के सदस्य आयोजन मे शामिल रहे।

## आधार से खाते को जुड़वाने के बावजूद छात्रों को नहीं मिली छात्रवृत्ति



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

सत्र 2022-23 की छात्रवृत्ति न मिलने से छात्र काफी परेशान हो रहे हैं। यह समस्या प्रदेश के एक महाविद्यालय की नही बल्कि कई जगह की है। कई छात्रों को छत्रवृत्ति मिली परन्तु कई छात्र रह गए जिन्हें नही मिला। शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर छात्रों को आधार से बैंक लिंक करवाने को कहा गया कई छात्रों ने लिंक करवाया भी परन्तु उन्हें छात्रवृत्ति प्राप्त नही हुई। छात्रवृत्ति ना मिलने के कारण ग्रामीण इलाकों के छात्रों को एवं गरीब छात्रों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है जैसे छात्र अपनी पढ़ाई का अध्ययन इस छात्रवृत्ति के माध्यम से करते हैं किताबें खरीदनी हो या अन्य कोई भी पढ़ाई लिखाई के संबंध में काम पे छात्रवृत्ति उनका सबसे बड़ा माध्यम होता है अभी तक छात्रवृत्ति ना मिलने के कारण बहुत के छात्रों को हार्दिक समस्या हो गई है, और यह देखने को मिल रहा है कि अनुसूचित जाति के कई छात्रों को छात्रवृत्ति प्राप्त हुई परन्तु ओ.बी.सी (पिछड़ा वर्ग) के छात्रों को इस सत्र में अबतक किसी को छात्रवृत्ति प्राप्त नही हुई। परेशान छात्रों को देखते हुए गैर राजनीतिक दल आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया हॉट डिप्टी कलेक्टर को मुरैना के बारे में अवगत कराया उनके द्वारा तुरंत आश्वासन रूप में कहा गया कि ÷ छात्रवृत्ति के मांग की ज्ञापन को आगे भेजा जाएगा एवं कम से कम दिन में छात्रों की इस परेशानी का समाधान किया जाएगा। इस दौरान संघ के प्रतीक गुप्ता, मंजिल एवं छात्रों में सतीश कुमार, सुलेन्द्र टोप्पो, कमलेश राजवाड़े, प्रियंका, प्रमिला, विकाश पैकरा, अंकित कुमार गुप्ता, रश्मि यादव, गौरीशंकर, राहुल मानिकपुरी आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कमेटी महामंत्री के पुत्र की शादी में 2 लाख रूपए से भरा बैग होटल से चोरी




» सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ आरोपी, पुलिस जांच मे जुटी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजीव अग्रवाल के पुत्र की शादी में 2 लाख रूपए से भरा बैग होटल से चोरी हो गई। भीड़ में आरोपियों ने जिस तरह से घटना को अंजाम दिया उसका सीसीटीवी फुटेज देख हर कोई हैरान है की आखिर इतनी भीड़ में आरोपियों ने ऐसा साहस कैसे किया। राजीव अग्रवाल ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक केदारपुर निवासी राजीव अग्रवाल के पुत्र रामकृष्ण गोयल की शादी गत 5 मई को पर्पल आर्चिड होटल में था। सभी परिवार के लोग एकत्रित होकर होटल के हाल में शादी सामारोह में शामिल थे। हाल के कुर्सी में काला रंग का बैग जिसमें लगभग 2 लाख रूपये जो गिफ्ट लिफाफा के रूप मे मिला था वह बैग में रखा था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया।

राजीव ने दर्ज हुए रिपोर्ट में बताया है कि शादी समारोह के दिन मे लगभग 2 बजे बैग को हाल के कुर्सी में रखे थे, उसी समय अज्ञात व्यक्ति बैग को उठाकर फरार हो गया,आस पास पतासाजी किये पता नही चला। होटल के सीसीटीवी फुटेज देखे तो 2 संदिग्ध लड़के दिखे जो बैग को चोरी कर भागते दिखे है।राजीव ने संदेह जताया है कि होटल में आये संदिग्ध व्यक्तियों के द्वारा चोरी किया गया है। शादी कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण घटना की रिपोर्ट वह 7 मई को करवाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 'शराबबंदी का वादा करने वाली कांग्रेस शराब घोटाला कर डकारे 2 हजार करोड़'

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

शराब घोटाले मामले में ईडी के आरोपपत्र के पश्चात सोमवार को भाजपा द्वारा गांधी चौक पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और आबकारी मंत्री कावासी लखमा का पुतला दहन किया गया, भाजपा जिला अध्यक्ष ललन सिंह के मार्गदर्शन एवं नगर मंडल अंबिकापुर के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय से गांधी चौक तक कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारा लगाते हुए रैली निकाली गई।

बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने गांधी चौक पहुंचकर पुतला दहन किया, पुतला दहन को रोकने पुलिस तैनात थी लेकिन भाजपाई पुतला फूंकने में कामयाब रहे। भाजपा ने कहा की छत्तीसगढ़वासियों ने सोचा भी नहीं था कि शराबबंदी का वादा करने वाली कांग्रेस शराब घोटाला करके 2 हजार करोड़ डकार लेगी, उपरोक्त कथन करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जनता से शराबबंदी का वादा करके वोट लिया था और अब ईडी ने कांग्रेस नेता और रायपुर के महापौर ऐजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर को गिरफ्तार कर 2 हज़ार करोड़ से अधिक के शराब घोटाले का खुलासा किया है, आगे उन्होंने कहा कि किसी



भी अंडरवर्ल्ड सरग़ना से अधिक ख़तरनाक तरीक़े से कांग्रेस सरकार न केवल इस घोटाले को, बल्कि कोल, आयरन पैलेट्स, रेत, ट्रांसपोर्ट घोटाले आदि को अंजाम दे रही थी। ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश से लूटे गये रकम से सीएम भूपेश बघेल गांधी परिवार का मोहरा बन कर समूचे देश में कांग्रेस के चुनाव का खर्च वहन करते हैं, उनका एटीएम बने हैं। जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि शराब घोटाले और अन्य कई प्रकार के भ्रष्टाचार से कांग्रेश द्वारा पैसे की उगाही की जा रही है और इन पैसों से लगातार अनेक तरह के षड्यंत्र आदि कर के देश का माहौल भी ख़राब किया जा रहा है। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष फुलेश्वरी सिंह ने कहा कि ईडी के अनुसार घोटाले के इस रकम में से अपना कमीशन रख कर अनवर ढेबर शेष राशि 'पॉलिटिकल मास्टर' को सुपुर्द कर दिया करता था। और उस राशि से 'राजनीतिक गतिविधियां' संचालित होती थी। मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने कहा कि बड़ी संख्या में ऐसी कच्ची और देसी शराब प्रदेश भर के दुकानों में खपाये गये हैं, जिसको वैध तरीक़े से भी बेचा नहीं जा सकता है ऐसी शराब से शासकीय खजाने को तो अरबों का चूना लगा ही, जनता के स्वास्थ्य और उनकी जान को भी खतरे में डाला गया। इस मामले में एक आदिवासी नेता को इसलिए विभाग का मंत्री बना कर रखा गया है ताकि वे ख़ामोश रहें और 'पोलिटिकल मास्टर' भ्रष्टाचार को अंजाम देता रहे। इसकी जितनी निंदा की जाय, कम है।

इस अवसर पर प्रशांत त्रिपाठी, अंबिकेश केसरी, विनोद हर्ष, मंजूषा भगत अरुणा सिंह, विजय व्यापारी, अभिषेक शर्मा, विकास पांडे, संतोष दास, रूपेश दुबे, दीपक सिंह तोमर, अजय सिंह बबलू, जन्मेजय मिश्रा, उमाशंकर उपाध्याय, कुसुम सिंह सोनू तिग्गा, शकुंतला पांडे किरण सिंह ललिता तिर्की रश्मि जयसवाल गिरजा ठाकुर संगीता सिंह बबली नेताम, स्नेहलता, प्रेमा नंद तिग्गा, नीलेश सिंह, रिंकू सिंह, रिंकू वर्मा, सर्वेश तिवारी राजेश सिंह, विश्व विजय सिंह तोमर , मनोज कंसारी, अनिल जयसवाल, निशांत सिंह गोलु, निरंजन राय, मनीष बारी, संगीता कंसारी चुरामणि दास महेश्वरी दास नीलम रजवाड़े प्रियंका चौबे, अनिता, सरिता जयसवाल, राखी सोनी, इंदु नेताम, मोंटी यादव गोलू यादव पंकज गुप्ता रजनी सिंह विकास गुप्ता नेपाल इतवार राम सिंह गौतम जद्दार सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इस्लामाबाद दौरे पर अफगान तालिबान के विदेश मंत्री, बोले-बातचीत के लिए एक साथ बैठें TTP और पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, 08 मई 2023।** अफगानिस्तान के अंतरिम तालिबान शासन के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी पाकिस्तान के दौरे पर हैं। हाल के महीनों में पाकिस्तानी सुरक्षों बलों पर घातक हमलों को लेकर उन्होंने पाकिस्तान और प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) को बातचीत के लिए एक साथ बैठने के लिए कहा है।

पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, मुत्ताकी द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय वार्ता में हिस्सा लेने के लिए चार दिवसीय इस्लामाबाद दौरे पर हैं। आज राष्टीय राजधानी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने अनुरोध किया कि पाकिस्तानी और टीटीपी वार्ता के लिए एक साथ बैठें।

इस्लामाबाद ने टीटीपी के साथ अफगान तालिबान की मध्यस्थता में कई दौर की वार्ता की थी, लेकिन पिछले साल वार्ता विफल रही थी, जिसके बाद आतंकवादी समूह ने आतंकवादी गतिविधियों को फिर से शुरू कर दिया था। आतंकवादी समूह द्वारा 28 नवंबर को औपचारिक रूप से संघर्ष विराम समाप्त करने के बाद से पाकिस्तान में टीटीपी की हिंसा में वृद्धि देखी गई है।



प्रतिबंधित संगठन टीटीपी, पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच एक विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। पाकिस्तान को उम्मीद थी कि अगस्त 2021 में सत्ता में वापसी के बाद अफगान तालिबान टीटीपी के संबंध में उसकी चिंताओं को दूर करेगा। लेकिन उम्मीदों के विपरीत टीटीपी के हमले में तेजी आ गई।

टीटीपी, जिसका अफगान तालिबान के साथ वैचारिक संबंध है और जिसे पाकिस्तान तालिबान के नाम से भी जाना जाता है, को 2007 में कई आतंकवादी संगठनों के एक छाता समूह के रूप में स्थापित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य पूरे पाकिस्तान में सख्त इस्लामी शासन लागू करना है।

अफगान तालिबान की टीटीपी का मुकाबला करने की अनिच्छा उसकी आशंकाओं से उपजी है कि समूह के लड़ाके दाएश (इस्लामिक स्टेट) में शामिल हो सकते हैं। दूसरा, अफगान तालिबान और टीटीपी उसी विचारधारा को साझा करते हैं, जिससे उन्होंने अमेरिकी नेतृत्व वाले विदेशी बलों के साथ लड़ा था। फिर भी, दोनों पक्ष टीटीपी की समस्या से बाहर निकलने का रास्ता खोजने की कोशिश कर रहे हैं।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पिछले महीने अफगान तालिबान के शासकों को चेतावनी दी थी कि अगर तालिबान पाकिस्तान विरोधी आतंकवादियों पर लगाम नहीं लगा पाता है तो युद्धग्रस्त पड़ोसी देश के अंदर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने पहले कहा था कि प्रतिबंधित टीटीपी पाकिस्तान में हमले करने के लिए अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल कर रहा है।

# उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में वैन दुर्घटना में 2 की मौत,7 घायल

**इस्लामाबाद,08 मई, 2023।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के स्वात जिले में एक यात्री वैन के खाई में गिर जाने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और सात अन्य घायल हो गये।




बचाव एवं राहत विभाग ने यह जानकारी देते हुये बताया कि हादसा रविवार तड़के जिले के कबाल इलाके में हुआ जब ब्रेक फेल होने के कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे यात्रियों की मौत हो गई। बचाव सेवा ने कहा कि बचावकर्मियों नेघटनास्थल पर पहुंचकर मृतकों और घायलों को स्थानीय अस्पतालों में पहुंचाया। पीड़ितों में दो महिलाएं और आठ साल का एक बच्चा शामिल है।

पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम है जिसकी मुख्य वजह यहां खराब रखरखाव वाले वाहनों, खस्ताहाल सड़कों और सड़क सुरक्षा उपायों की लापरवाही है।

# भारतीय कैदी की मौत के बाद 199 मछुआरों को रिहा करेगा पाकिस्तान,इस तारीख को होगी रिहाई

**इस्लामाबाद,08 मई 2023।** पाकिस्तान की जेल में एक भारतीय कैदी की मौत के बाद खबर आई है कि पाकिस्तान की सरकार 199 भारतीय मछुआरों को रिहा करने की तैयारी कर रही है। सद्भावना के तहत पाकिस्तान की सरकार इन भारतीय मछुआरों को जेल से रिहा करेगी। इन कैदियों को कराची की जेल से लाहौर भेजा जाएगा और लाहौर से इन कैदियों की वाघा बॉर्डर के जरिए वतन वापसी होगी।



### 12 मई को होगी रिहाई

कराची के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी काजी नजीर ने बताया कि संबंधित मंत्रालय से भारतीय कैदियों को रिहाई का आदेश आया है। शुक्रवार यानी कि 12 मई को इन कैदियों को रिहा कर लाहौर भेजा जाएगा। जिन कैदियों को रिहा किया जाएगा, वो पाकिस्तान की लंडी जेल में बंद हैं। बता दें कि पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय कैदी जुल्फिकार की हाल ही में एक अस्पताल में मौत हो गई थी। जुल्फिकार को तबीयत खराब होने पर कराची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन वहां इलाज के दौरान भारतीय कैदी ने दम तोड़ दिया। जांच में पता चला कि फेफड़ों में संक्रमण के चलते कैदी की मौत हुई।

### पाकिस्तान की जेलों में हालात खराब

पाकिस्तान की जेलों में कैदियों के कल्याण के लिए काम करने वाली पाकिस्तानी संस्था ईदी वेलफेयर ट्रस्ट भारतीय कैदियों को लाहौर ले जाने का इंतजाम करेगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की जेलों में हालात बेहद खराब हैं और वहां डॉक्टरों और इलाज की भी समुचित व्यवस्था नहीं है, जिसकी वजह से कैदी बीमार पड़ते हैं और कई बार उनकी मौत भी हो जाती है।

### सजा पूरी होने के बावजूद जेलों में बंद भारतीय कैदी

पाकिस्तान इंडिया पीपल फोरम फॉर पीस एंड डेमोक्रेसी के अनुसार, 654 भारतीय मछुआरे पाकिस्तान के कराची में स्थित लंडी और मालिर जेलों में बंद है। अधिकतर जो मछुआरे पकड़े जाते हैं वो अनपढ़ और गरीब होते हैं और वह गलती से भारत से पाकिस्तान के जलक्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं। भारतीय जेलों में भी 83 पाकिस्तानी मछुआरे बंद हैं। पाकिस्तान की जेलों में बंद 654 भारतीय कैदियों में से 631 कैदी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं और अपनी रिहाई का इंतजार कर रहे हैं।

# जो बाइडन के दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए बेहद अहम है ये भारतीय अमेरिकी

**वॉशिंगटन,08 मई 2023।** अमेरिका के राष्टपति जो बाइडन 2024 के राष्टपति चुनाव के लिए फिर से अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं। जिसके बाद राष्टपति जो बाइडन और उपराष्टपति कमला हैरिस ने अमेरिका के टॉप 150 दानदाताओं से मुलाकात की। इस मुलाकात में आगामी राष्टपति चुनाव के लिए फंड जुटाने की रणनीति पर चर्चा की गई। जिन लोगों से राष्टपति बाइडन और उपराष्टपति हैरिस ने मुलाकात की, उनमें सबसे अहम हैं भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन अजय जैन भुतोरिया। जो बाइडन के दोबारा राष्टपति चुने जाने के लिए अजय जैन भुतोरिया बेहद अहम व्यक्ति हैं।



कौन हैं अजय जैन भुतोरिया

भुतोरिया अमेरिका की सिलिकॉन वैली में रहने वाले एक बिजनेसमैन हैं। भुतोरिया को बाइडन का करीबी माना जाता है और पिछले राष्टपति चुनाव में भी भुतोरिया ने बाइडन के पक्ष में ना सिर्फ प्रचार किया, ब्लकि उनके चुनाव के लिए फंड जुटाने में भी अहम योगदान दिया। भुतोरिया जो बाइडन की पार्टी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेशनल फाइनेंस के उपाध्यक्ष हैं। साथ ही वह राष्टपति बाइडन के एशियन अमेरिकन, नेटिव हवाईअन और पैसिफिक आइलैंडर सलाहकार आयोग के सदस्य भी हैं।

क्यों हैं बाइडन के दोबारा राष्टपति बनने के लिए अहम?

भुतोरिया अमेरिका की सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी के सबसे ज्यादा दान इकठ्ठा करने वाले लोगों में शामिल हैं। साल 2020 में बाइडन के राष्टपति चुनाव में भी भुतोरिया ने अहम भूमिका निभाई थी। साथ ही दक्षिण एशियाई मूल के अमेरिकी नागरिकों को बाइडन के पक्ष में लाने में भी भुतोरिया की भूमिका थी।

वॉशिंगटन डीसी में दानदाताओं की बैठक में इस बात पर चर्चा की गई कि किस तरह दानदाताओं की संख्या बढ़ाई जाए। इसमें भी भुतोरिया की भूमिका रहने वाली है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने आगामी चुनाव के लिए 2 बिलियन का फंड जुटाने का लक्ष्य रखा है।

# ताबड़तोड़ हमलों के बीच एक रात में रूस के 35 ड्रोन मार गिराए,यूक्रेन की सेना का दावा

**कीव,08 मई 2023।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को एक साल से ज्यादा का समय हो गया है। 24 फरवरी 2022 को शुरू हुए इस भीषण युद्ध ने यूक्रेन को खंडहर में तब्दील कर दिया है। पिछले साल 24 फरवरी को रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश पर रूसी सैनिकों ने यूक्रेन पर हमला किया था। रूस की तुलना में सैन्य शक्ति के मुकाबले काफी कमजोर देश होने के बावजूद यूक्रेन के राष्टपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हार नहीं मानी और ये युद्ध लगातार जारी है। रूस को ईरान का भी साथ मिल गया है।



इस बीच, एक बार फिर रूस द्वारा हमले तेज करने की खबर आई है। यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि उसने ईरान के बने 35 शहीद ड्रोन को नष्ट कर दिया है। इन ड्रोन से रूस ने यूक्रेन में अलग-अलग ठिकानों पर हमला किया था।

यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के अनुसार, रूस ने खार्किव, खेरसॉन, मायकोलाइव और ओडेसा जैसे क्षेत्रों के शहरों में ताबड़तोड़ हमले किए। कल रात उसने करीब 16 मिसाइल हमले किए। जबकि पिछले दिनों यूक्रेन पर 61 हवाई हमले और भारी रॉकेट साल्वो फायर सिस्टम से 52 हमले किए गए थे।

इन हमलों से यूक्रेन के शहरों को बहुत नुकसान पहुंचा है। कई नागरिक मारे गए, तो कई घायल हुए हैं। बहुमंजिला इमारतें, लोगों के घर और अन्य बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

# नेपाल-बांग्लादेश के सामने बिजली व्यापार में भारत का सहयोग हासिल करने की चुनौती

**काठमांडो,08 मई 2023।** नेपाल और बांग्लादेश ने इस मुद्दे पर चर्चा करने का फैसला किया है कि भारत की ट्रांसमिशन लाइनों के इस्तेमाल के लिए वे भारत को कैसे राजी करें। भारत अगर ऐसा करने की इजाजत दे देता है, तो नेपाल अपने यहां पैदा होने वाली अतिरिक्त बिजली बांग्लादेश को बेच पाएगा। नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने प्रस्तावित बैठक के बारे में जानकारी दी है। यह बैठक 15 और 15 मई को बांग्लादेश में होगी।

अधिकारी ने बताया कि बिजली की खरीद-बिक्री में त्रिपक्षीय सहयोग के लिए भारत को कैसे राजी किया जाए, यह ढाका में होने वाली बैठक का एक प्रमुख मुद्दा होगा। नेपाल चाहता है कि भारत अपनी जमीन पर नेपाल से बांग्लादेश जाने वाली एक खास ट्रांसमिशन लाइन बनाने की इजाजत दे। नेपाल और बांग्लादेश जमीनी तौर पर एक-दूसरे से कहीं नहीं जुड़ते हैं। इसलिए नेपाल अपनी बिजली बांग्लादेश को तभी बेच बाएगा, अगर इसमें भारत का सहयोग मिले।



नेपाल को उम्मीद भारत के हालिया रुख से है। नेपाल के अधिकारियों ने ध्यान दिलाया है कि भारत ने 'एक सूरज एक दुनिया एक ग्रिड' नाम से एक अंतरराष्ट्रीय ग्रिड बनाने का प्रस्ताव रखा है। इसमें पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देने की बात भी कही गई है। इसका लाभ नेपाल और बांग्लादेश को मिल सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक सूरज एक दुनिया एक ग्रिड' पहल का प्रस्ताव 2018 में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की बैठक में रखा था। तब मोदी ने कहा था कि इस पहल का मकसद लगभग 140 देशों के बीच एक समान ग्रिड बनाना होगा, जिसके जरिए सौर और अन्य स्वच्छ ऊर्जा का ट्रांसफर होगा।

पिछले साल अप्रैल में भारत और नेपाल ने बिजली क्षेत्र में सहयोग के बारे में एक साझा दृष्टि पत्र जारी किया था। उसके तहत होने वाले सहयोग में बांग्लादेश और भूटान को भी शामिल करने की बात कही गई थी। फिलहाल मौजूद भरतीय ट्रांसमिशन लाइन के जरिए नेपाल बांग्लादेश को 40 से 50 मेगावाट बिजली बेचना चाहता है। इस मुद्दे पर ढाका में होने वाली बैठक में चर्चा की जाएगी। नेपाल भारत को भी 40 से 50 मेगावाट बिजली बेचना चाहता है। भारत ने नेपाल से बिजली लेने में दिलचस्पी भी दिखाई है।

लेकिन पर्यवेक्षकों के मुताबिक नेपाल के बिजली क्षेत्र में चीन की बनी पैठ भारत और नेपाल के बीच बिजली सहयोग में एक अड़चन बनी हुई है। भारत ने संकेत दिया है कि वह उन बिजली संयंत्रों में बनी बिजली को खरीदने या अपनी ट्रांसमिशन लाइन के इस्तेमाल की इजाजत देने को तैयार नहीं है, जिनमें चीनी निवेश या कल-पुर्जे लगे हों। नेपाल और बांग्लादेश दोनों के सामने असल चुनौती यही है कि इस समस्या का क्या समाधान निकाला जाए।

नेपाल के ऊर्जा मंत्रालय के ही एक अन्य अधिकारी ने कहा कि बिजली सहयोग में भारत को शामिल किया जाए या नहीं, इस बारे में अभी तक बांग्लादेश से चर्चा नहीं हुई है। यह नेपाल की राय है कि भारत को इसमें शामिल करने से त्रिपक्षीय सहयोग की शुरुआत होगी। इस बारे में बांग्लादेश की राय ढाका में होने जा रही बैठक में पता चलेगी। हालांकि पर्यवेक्षकों का कहना है कि इस मुद्दे पर बांग्लादेश को कोई एतराज होगा, इसकी संभावना बेहद कम है।

# टेक्सास गोलीबारी में भारतीय महिला इंजीनियर की भी जान गई,दोस्त के साथ मॉल में खरीदारी कर रही थीं एश्वर्या

**वॉशिंगटन , 08 मई 2023।** टेक्सास राज्य के डेलास में भीड़भाड़ वाले मॉल में एक बंदूकधारी की गोलीबारी में एक भारतीय महिला इंजीनियर समेत नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

स्थानीय मीडिया के मुताबिक, मैककिनी में रहने वाली ऐश्वर्या थाटिकोंडा अपने एक दोस्त के साथ खरीदारी कर रही थीं, तभी डेलास के एलन प्रीमियम आउटलेट्स में बंदूकधारी मौरिसियो गार्सिया ने उन्हें गोली मार दी।



गोलीबारी शनिवार दोपहर करीब 3ः30 बजे हुई, जब आउटडोर मॉल में खरीदारों की भीड़ उमड़ी थी। गोलीबारी में नौ लोग मारे गए। इसके बाद बंदूकधारी मौरिसियो गार्सिया (33 वर्षीय) को एक पुलिस अधिकारी ने गोली मार दी।

एश्वर्या परफेक्ट जनरल कॉन्ट्रैक्टर्स एलएलसी में एक प्रोजेक्ट इंजीनियर के रूप में काम कर रही थीं। उनके परिवार के एक सदस्य ने डब्ल्यूएफएए टेलीविजन स्टेशन से पुष्टि की कि गोलीबारी में मरने वालों में थाटीकोंडा भी शामिल है। वह टेक्सास में रहती थीं और एक इंजीनियर थी, जबकि उनका परिवार भारत में है।

समाचार पत्र %न्यूयॉर्क पोस्ट% की खबर में कहा गया है कि एश्वर्या का दोस्त भी गोलीबारी में घायल हुआ है। अस्पताल में उसकी हालत स्थिर है। खबर में कहा गया है कि थाटीकोंडा का परिवार उनके शव को भारत ले जाने की योजना बना रहा है।

लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, एश्वर्या पिछले दो साल से अधिक समय से डेलास में एक प्रोजेक्ट इंजीनियर के रूप में काम कर रही थीं। बंदूकधारी गार्सिया को इलाके में गश्त कर रहे एक अधिकारी ने गोली मारी।

कानून प्रवर्तन सूत्रों ने स्थानीय आउटलेट डब्ल्यूएफएए-टीवी को बताया कि गोलीबारी की घटना के बाद पुलिस ने गार्सिया के माता-पिता के डेलास स्थित एक घर की शनिवार रात तलाशी ली।

# न्यूज़ीलैंड में यौन उत्पीड़न-हत्या में भारतवंशी को 20 वर्ष की कैद,नेपाल में हिमस्खलन से तीन की मौत

**मेलबर्न,08 मई 2023।** न्यूजीलैंड में डाउन सिंड्रोम से पीड़ित एक महिला का यौन उत्पीड़न करने व गला घोंटकर उसकी हत्या करने के जुर्म में भारतवंशी शामल शर्मा (33) को करीब 20 साल कैद की सजा सुनाई गई। समाचार पत्र द न्यूजीलैंड हेराल्ड की बृहस्पतिवार की रिपोर्ट के अनुसार, शामल शर्मा को 24 सितंबर, 2021 को गिरफ्तार कर लिया गया था।



### श्रीलंका के पर्यटन उद्योग को भारतीय सैलानियों ने दिया बल

इस साल अप्रैल में सबसे ज्यादा करीब 20 हजार पर्यटकों की आमद के साथ भारत छह महीने बाद एक बार फिर श्रीलंका के लिए सबसे बड़ा इनबॉन्ड मार्केट यानी आवक बाजार के रूप में उभरा है। पर्यटन विभाग के आंकड़े बताते हैं कि भारत से अप्रैल में सबसे ज्यादा 19,915 लोगों ने द्वीपीय राष्ट की यात्रा की, जबकि 14,656 नागरिकों के साथ रूस दूसरे स्थान पर रहा।

### अफगानिस्तान में 2022 में 347 लोगों ने की आत्महत्या की कोशिश

अफगानिस्तान में भुखमरी, गरीबी, बेरोजगारी और पारिवारिक हिंसाओं के कारण 2022 में करीब 347 लोगों ने आत्महत्या की कोशिश की। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। आत्महत्या की कोशिश करने वालों में से कुछ को बचाया गया, वहीं करीब 60 लोगों की जान चली गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस सूची में सबसे ऊपर बदख्शां प्रांत है, जहां 251 लोगों ने आत्महत्या की कोशिश की।

# अब पाकिस्तान-अफगानिस्तान में मेल कराने में जुटा चीन,BRI प्रोजेक्ट पर काम होगा शुरू

**इस्लामाबाद , 08 मई 2023।** सऊदी अरब और ईरान में मेल कराने के बाद से दुनिया में अपने को शांति दूत के रूप में पेश करने में जुटे चीन ने अब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच मेल-मिलाप कराने की पहल की है। चीन के विदेश मंत्री चिन गांग ने अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान अफगानिस्तान के विदेश मंत्री को भी यहां बुला लिया। उसके बाद रविवार को तीनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई।

बाद में चीन ने दावा किया कि इसके साथ ही अफगानिस्तान-चीन-पाकिस्तान के बीच त्रिपक्षीय सहयोग की शुरुआत हो गई है। चीन के सरकार समर्थक अखबार ग्लोबल टाइम्स में इस बारे में एक विशेष टिप्पणी प्रकाशित की, जिसमें कहा गया- 'यह एक अति महत्त्वपूर्ण घटना है, जिससे पूरे क्षेत्र में स्थिरता आएगी। साथ ही अफगानिस्तान और पाकिस्तान में आपसी भरोसा बढ़ेगा, जिन्हें पिछले कुछ वर्षों में सीमा विवाद का सामना करना पड़ा है।'

यहां पर्यवेक्षकों ने ध्यान दिलाया है कि अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के इस्लामाबाद दौरे के समय उनसे पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल सईद असीम मुनीर ने भी मुलाकात की। इस दौरान जनरल मुनीर ने दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग मजबूत करने और आतंकवाद एवं चरमपंथ जैसी साझा चुनौतियों' का मिल कर मुकाबला करने पर जोर दिया। पाकिस्तान सरकार की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक जनरल मुनीर और मुत्ताकी ने साझा हितों के मसलों पर बातचीत की, जिनमें क्षेत्रीय सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और द्विपक्षीय सुरक्षा व्यवस्था को औपचारिक रूप देना शामिल है।



बाद में जनरल मुनीर की चीन के विदेश मंत्री के साथ भी बातचीत हुई। पाकिस्तान के सत्ता तंत्र में सेनाध्यक्ष की सर्वोपरि भूमिका को देखते हुए इन मुलाकातों को यहां मीडिया में खासी अहमियत दी गई है। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि चिन, मुत्ताकी और पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के की बीच त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान अफगानिस्तान और पाकिस्तान दोनों ने चीन की तरफ से पेश वैश्विक सुरक्षा पहल (जीएसआई) और वैश्विक विकास पहल (जीडीआई) पर अमल करने का संकल्प जताया। उधर ने चीन आश्वासन दिया कि वह दोनों देशों के साथ त्रिपक्षीय सहयोग को मजबूत करने में अपनी पूरी भूमिका निभाएगा।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल के महीनों में कई मौकों पर गंभीर टकराव हुए हैं। सीमा पर कई बार दोनों देशों की फौज के बीच गोलीबारी भी हुई है। पाकिस्तान ने बार-बार अफगानिस्तान पर आतंकवाद को संरक्षण देने के इल्जाम लगाए हैं। पाकिस्तान पर आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमलों में बढ़ोतरी के साथ पाकिस्तान की यह शिकायत गहराई है कि टीटीपी को अफगान तालिबान के संरक्षण की वजह से पाकिस्तान में खून-खराबा हो रहा है।

इन्हीं परिस्थितियों के बीच चीन के हस्तक्षेप ने कूटनीतिकों का ध्यान खींचा है। कुछ खबरों में बताया गया है कि चीन जल्द से जल्द अफगानिस्तान में अपनी महत्त्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड (बीआरआई) परियोजना के तहत निर्माण कार्य शुरू करना चाहता है। उसकी नजर वहां के समृद्ध खनिज भंडार पर भी है। इसलिए अब उसने अफगानिस्तान और पाकिस्तान में मेल-मिलाप कराने को प्राथमिकता दी है, ताकि अफगानिस्तान में राजनीतिक स्थिरता आ सके और चीनी कंपनियों के लिए वहां अनुकूल माहौल बने।

CMYK

# बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर उज्जवल भविष्य हेतु करें तैयार

## शत-प्रतिशत परिणाम हेतु रहें प्रयासरतःकलेक्टर

- संवाददाता -
बैकुंठपुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के स्वामी आत्मानन्द विद्यालयों के शिक्षकों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना हमारा उद्देश्य है। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय शासन की महत्वपूर्ण योजना है, सभी शिक्षक बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य हेतु तैयार करें।






उन्होंने विद्यालयवार चर्चा करते हुए प्राचार्यों तथा शिक्षकों से संवाद कर बच्चों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम, गतिविधियों में भागिता के सम्बंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक नियमित रुप से विद्यालय आएं, अकारण बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गत वर्ष के परीक्षा परिणाम का अवलोकन करते हुए कहा कि आगामी सत्र में बेहतर परिणाम हेतु अभी से तैयारियां शुरू करें, किसी विषय मे कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर सम्बन्धित विषय के शिक्षक अतिरिक्त कक्षा लेकर उन्हें शिक्षित करें। बच्चों की रुचि के अनुसार रोचनात्मक कक्षा का आयोजन कर नई-नई तकनीकों के माध्यम से उन्हें सिखाएं। उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक के साथ-साथ मानसिक, शारिरिक, नैतिक विकास पर भी ध्यान देने की बात कही।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन






## » आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिला स्वीप कोर समिति की बैठक सम्पन्न

- संवाददाता -
बैकुंठपुर, 08 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्वीप कोर समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान जागरूकता, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, विलोपित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीप कलेण्डर अनुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किए जाने कहा।मतदाताओं को मतदान करने के लिए अभिप्रेरित किये जाने तथा निर्वाचन प्रकिया में अवगत कराए जाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम हेतु मतदान सम्बन्धी गतिविधियां जैसे स्वीप चित्रकला प्रतियोगिता, निर्वाचन क्वीज, मितानिन स्वीप कार्यशाला, महिला स्वीप सम्मेलन, स्वीप कार्यशाला, सायकल रैली, मशाल रैली जैसी अन्य गतिविधियां संचालित कर किया जाए।यह गतिविधियां मुख्य रूप से महिलाओं, युवाओं व समुदाय के लोगों को मतदान से अवगत कराने हेतु आयोजित हो। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, महाविद्यालयों में भी गतिविधियां आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में नामांकित हो जाए और अपात्र मतदाता का नाम सूची से हटाया जाना सुनिश्चित करें। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, संयुक्त कलेक्टर श्री अनिल सिदार सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण क्षेत्र में धूल भरी तेज आंधी-गरज चमक बौछार की संभावना

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।



5 -6 मई को सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण क्षेत्र में धूल भरी तेज आंधी - गरज चमक बौछार की संभावना है। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण ङ्क पूर्वी बंगाल की खाड़ी और इसके समवर्ती दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर मध्य क्षोभमंडल तक विस्तारित है। सोमवार को इसी क्षेत्र में इस परिसंचरण के न्यून वायुदाब क्षेत्र में विकसित हो जाने की संभावना है। 9 मई तक संबंधित न्यून वायुदाब क्षेत्र के अवदाब और उसके अगले 24 घण्टों के दरमियान चक्रवाती तूफान में बदल जाने की परिस्थितियां प्रबल होती दिख रही है।

अंडमान द्वीप तथा दक्षिण भारत के तटीय क्षेत्रों में हवा की रफ्तार में क्रमशः वृद्धि के कारण सतर्कता की दृष्टि से विशेष चेतावनियां जारी की जा रही हैं।

चक्रवाती तूफान के निर्मित होने पर इसका नाम ÷मोचा / मोखा÷ होगा। मोचा नाम तूफानों के नामकरण की सूची में यमन द्वारा दिया गया है। यह यमन के एक लाल सागर तट पर एक बंदरगाह का नाम है।

मोचा ग्रीक भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है 'सांप की कुंडली'। दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती परिसंचरण आज पूर्वाह्न न्यूनदाब क्षेत्र में विकसित हो गया है। 9 व 10 मई तक यह मध्य-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में पहुंच कर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाएगा। मौसम विभाग के प्रारम्भिक आंकलन के आधार पर बंगाल की खाड़ी के मध्य-पूर्वी क्षेत्र से यह उत्तर -उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ता हुआ 11 - 12 मई के आसपास लगातार मुड़ता हुआ उत्तर - उत्तर पूर्वी दिशा में बंग्लादेश -म्यामार की ओर अग्रसर हो सकता है।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत आज रहेंगे एमसीबी जिले के प्रवास पर

- संवाददाता -
एमसीबी,08 मई 2023 (घटती-घटना)।



लोकार्पण-शिलान्यास के माध्यम से देंगे करोड़ों के विकास कार्यों की सौग़ात

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत 9 मई को एमसीबी जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री महंत केल्हारी और जनकपुर तहसील में विभिन्न लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे नवीन तहसील भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने प्रातः 11 बजे केल्हारी पहुँचेंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 1.30 बजे जनकपुर पहुँचेंगे। जनकपुर में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रवास के दौरान उनके साथ उनकी धर्मपत्नी लोकसभा सांसद कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत भी साथ रहेंगी।

# मतदान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु नववधू सम्मान समारोह का आयोजन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने व शत प्रतिशत मतदान हेतु नववधू सम्मान समारोह जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री टेकचन्द्र अग्रवाल ने बताया कि आगामी समस्त निर्वाचनों में महिलाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए महिला मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति प्रेरित करने हेतु स्वीप कार्ययोजना के अन्तर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्र पर नवविवाहित वधु सम्मान समारोह के आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत मतदान केंद्र क्षेत्र में विगत 3 वर्षों में विवाहोपरांत आने वाली समस्त नवविवाहिता वधुओं का मतदान केन्द्र पर सम्मान किया जाना है। जिसमें बी.एल.ओ. क्षेत्र के बहुओं को मतदान केन्द्र में आने का निमंत्रण स्वयं जाकर देंगे और नववधुओं का सम्मान बीएलओ चंदन और रोली का टीका लगाकर करेंगे। यदि नववधुओं का निवास स्थान क्षेत्र के मतदाता सूची में पंजीयन नहीं हुआ है, तो उनके पंजीयन के संबंध में मौके पर ही फॉर्म-06 भरा जाये। इस संबंध में उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को पत्र जारी कर नवविवाहिता वधुओं के सम्मान समारोह का आयोजन कर 26 मई तक निर्धारित प्रारूप में जानकारी उपलब्ध कराने कहा है।

नोडल अधिकारी (स्वीप) श्री गिरीश गुप्ता ने बताया कि ऐसे नवविवाहिताएं जो कि कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके उनके घर पर जाकर उनका पंजीयन किया जाना है। समस्त नवविवाहित वधुओं के समक्ष वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया किया जाना है। साथ ही बी.एल.ओ. प्रत्येक निर्वाचन में भय एवं लोभ से मुक्त होकर मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे और वहां पर उपस्थित समस्त नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान का शपथ दिलवायेंगे।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय बलरामपुर में विद्यार्थियों का प्रवेश

- संवाददाता -
बलरामपुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में कक्षाओं में छात्रों को प्रवेश हेतु 10 अप्रैल से 05 मई तक ऑनलाइन पत्र मंगाए गए थे। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों का समिति द्वारा परीक्षण पश्चात दावा आपत्ति के लिए पात्र-अपात्र की सूची का प्रकाशन किया गया। दावा आपत्ति पश्चात लॉटरी के माध्यम से चयन 10 अप्रैल 2023 को प्रातः 07 बजे से स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में किया जाएगा।

## आम पेड़ पर फांसी पर लटकी हुई ग्रामीण की मिली लाश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

दरिमा थाना क्षेत्र के बेलखारिखा में एक व्यक्ति की लाश आम पेड़ पर फांसी पर लटकी हुई मिली है। बताया जा रहा है कि 4 दिन पूर्व जिसकी पत्नी की लाश घर में मिली थी तब से यह लापता था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

जानकारी के अनुसार भोला राम नगेशिया मोहनपुर का रहने वाला था। वह पिछले 4 महीनों से अमीर साय के घर पर बेलखारिखा में पत्नी के साथ रहता था। 4 दिन पूर्व इसकी पत्नी की लाश घर में मिली थी। तब से भोला राम लापता था। सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों ने भोला राम की लाश फांसी पर लटकी हुई गांव के ही आम पेड़ पर देखा। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी दरिमा पुलिस को दी।पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

# गंगा-जमुनी तहजीब भारत की विशेषता शारदापुर ई का उर्फ पूरे छत्तीसगढ़ में आपसी भाईचारा का है मिसाल-शफी अहमद

- संवाददाता -
प्रतापपुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

वाड्रफनगर विकासखंड के ग्राम पंचायत शारदापुर-ई से लगे वन आश्रित ग्राम में सूफी संत हजरत बाबा मुनव्वर शाह के मजार पाक में आयोजित सालाना उर्स का भव्य समापन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप मे छत्तीसगढ़ शासन श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन शफी अहमद,जनपद अध्यक्ष जगत लाल आयाम नगर अध्यक्ष कंचन सोनी रहे। श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने बाबा के मजार पर श्रद्धापूर्वक चादर चढ़ाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शफी अहमद ने कहा कि शारदापुर में वर्षों से बाबा के मजार में मनाया जाने वाला उर्स गंगा-जमुनी तहजीब का बेजोड़ मिशाल है। प्रतिवर्ष सभी समुदाय के लोग पूरी आस्था के साथ बाबा के मजार में आते हैं। उन्होंने कहा सरगुजा की परंपरा रही है कि यहां सभी समुदाय के लोग मिल-जुलकर हर त्यौहार मनाते आ रहे हैं और मनाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सबसे बड़ी चीज है शिक्षा शिक्षा प्राप्त करना हर व्यक्ति का अधिकार है शिक्षित व्यक्ति ही हर जगह कामयाब होता है इस दौरान जनपद अध्यक्ष जगत लाल आयाम ने कहा की मैं उर्स कमेटी और सभी कमेटी के मेंबरों को बहुत धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस आयोजन में मुझे अतिथि के रुप में बुलाया ग्राम शारदापुर ई में होने वाला सालाना उर्स एकता और भाईचारा का मिसाल इस भाईचारे को हमें हमेशा कायम रखना है वहीं नगर अध्यक्ष कंचन सोनी ने भी सभा को संबोधित किया कव्वाल शाहरुख साबरी और कव्वाली सनम वारसी देश की एकता और अखंडता पर कई नज्म सुनाएं और तालियां बटोरी उर्स कमेटी के अध्यक्ष कलीम खान व उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार जीशान खान ने उपस्थित सभी अतिथियों को बाबा के मजार का चादर भेंट किया। कार्यक्रम में शासकीय कालिदास महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि मुमशाद खान नगर पंचायत एल्डरमैन अफसर अजीज एनएसयूआई नेता बाबू दुबे, नावेद, आदित्य गुप्ता, कमाल, रंगसाज, , हेसाम खान, सहित आसपास के लोग हजारों की संख्या मे कव्वाली का जमकर आनंद उठाया।



## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सोहगा में प्रवेश परीक्षा आयोजित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक कक्षाओं में प्रवेश हेतु ली गई थी। इस परीक्षा में कक्षा 11वीं व 12वीं के गणित और विज्ञान दोनों संकायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्वामी आत्मानंद स्कूल की प्रचार्या श्रीमती लीना थॉमस ने बताया कि इस विद्यालय में बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रवेश लेना चाहते हैं, यह गर्व की बात है। विद्यालय में कार्यरत शिक्षक विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। इस विद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा दी जा रही है। ज्ञातव्य है कि प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विद्यालय के उच्चतर खंड में प्रवेश दिया जाएगा तथा प्राथमिक व माध्यमिक खंड में लॉटरी के माध्यम से प्रवेश देना निर्धारित किया गया है।

## चोरों ने पटवारी कार्यालय का तोड़ा ताला,मोटरसाइकिल लेकर भागे चोर,

- संवाददाता -
कुसमी,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

नगर पंचायत कुसमी वार्ड 02 राजा तालाब के किनारे बने निजी आवास पर संचालित पटवारियों के कार्यालय में बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा ताला तोड़कर कार्यालय के अंदर रखे होंडा साईन जिसका नम्बर सीजी 15 डी के 6625 को लेकर चोर फरार हो गये, दरसल जानकारी के मुताबिक उक्त पटवारी कार्यालय में चार पटवारियों द्वारा अपना कार्य का सम्पादन किया करते है, सभी पटवारी अपना अपना अलमारी भी रखे है ताकि जरूरत का कागजात रखा जा सके,वही बताया जा रहा है कि चोरों द्वारा मुख्य दरवाजा का तोड़कर कार्यालय के अंदर घुसे और अलमारियों की भी तोड़फोड़ कर सभी अलमारी की छानबीन किये लेकिन नगद राशी नही मिली फिर अलमारी में रखे दस्तावेजों को फैला दिये बदमाश,और कार्यालय में रखे एक पटवारी की मोटरसाइकिल हौंडा साइन को लेकर फरार हो गये, चोरी की इस घटना पटवारियों को सुबह मिली तो पटवारी ने मामले की शिकायत थाना में किया है ,वही पुलिस चोरी की इस वारदात की विवेचना में जुट गई है,और अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही है।



# नशीली इंजेक्शन के खिलाफ थाना रामानुजनगर पुलिस की कार्यवाही,75 नग नशीली इंजेक्शन सहित 2 गिरफ्तार

- संवाददाता -
रामानुजनगर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।




पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भा-पु-से ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते एवं क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल फैलाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है। रविवार को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम डगमला जोबापारा में अली अहमद एवं उसकी पत्नी सबिला खातून के द्वारा अपने मकान में अवैध नशीली इंजेक्शन बिक्री करने के लिए रखे है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में थाना रामानुजनगर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जहां विधिवत् दबिश देकर अली अहमद पिता स्व. अमीर बक्स उम्र 29 वर्ष व सबीला खातून पति अली अहमद उम्र 25 वर्ष को पकड़ा गया जिनके कब्जे से एविल इंजेक्शन 52 नग, बुप्रेनोर फाईन इंजेक्शन 23 नग कुल 75 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 10 हजार रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन जप्त करते हुए दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 स] एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े एएसआई बिसुनदेव पैंकरा मनोज पोर्ते छेत्रपाल सिंह, प्रधान आरक्षक फिरोज खान फुलमति आरक्षक दीपक यादव धनंजय साहू दीवान सिंह, दुबे सिंह व चन्द्रकुमार साहू सक्रिय रहे।

## फरार मवेशी तस्कर को चौकी उमेश्वरपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
रामानुजनगर ,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

बीते 8 अप्रैल 2023 को चौकी उमेश्वरपुर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम श्यामपुर में घेराबंदी कर टाटा मैजिक व छोटा हाथी में 1 लाख 10 हजार रूपये कीमत के 8 रास गाय और बैल जप्त कर छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11%1] के तहत कार्यवाही कर आरोपी रामधन साहू व गुलाब चंद्र रवि को गिरफ्तार किया था। वहीं मामले में आरोपी अजीमुद्दीन फरार था जिसकी पतासाजी की जा रही है।



पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू -भा-पु-से- ने मामले में फरार आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के निर्देश चौकी प्रभारी को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी उमेश्वरपुर पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच आज मुखबीर की सूचना पर फरार आरोपी अजीमुद्दीन पिता आबीद खान उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम सुरता] थाना रामानुजनगर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने अपने साथियों से साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसे विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर देवनाथ चौधरी] आरक्षक विक्रम सिंह] राकेश सिंह व मनोज जायसवाल सक्रिय रहे।

# संपत्तिकर बढ़ाने हेतु कराये जा रहे सर्वे को लेकर विपक्ष ने आंदोलन की दी चेतावनी

- राजा मुखर्जी -
कोरबा,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

संपत्तिकर के सर्वे को लेकर नगर निगम प्रशासन और महापौर के खिलाफ विपक्ष ने आक्रामक रुख इख्तियार किया है नगर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुमार को विपक्षी पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल के नेतृत्व में ज्ञापन सौपकर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़े लहजे में चेतवानी दी 7 नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि निगम की संपत्ति कर को बढ़ाने के लिए नगर निगम कोरबा द्वारा सर्वे कराया जा रहा है, जहां एक ओर नगर निगम चुनाव के दौरान कांग्रेस के घोषणा पत्र में यह वादा किया था कि बीपीएल परिवारों का टैक्स माफ किया जाएगा, लेकिन अब टैक्स बढ़ाने के लिए सर्वे कराना अनुचित है द्व जहां राज्य सरकार के द्वारा एक तरफ उद्योगों को राहत देने के लिए टैक्स में कटौती की जा रही है वही गरीबों का टैक्स बढ़ाने के लिए सर्वे अत्यंत ही निंदनीय है द्व इसके साथ ही अभी तुरंत में 02 साल का विकट समय कोविड-19 गुजरा है सभी लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर बनी हुई है ऐसे समय में टैक्स



बढ़ाने के लिए सर्वे कराना लोगों का भयादोहन हैं अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम कोरबा के द्वारा लगातार लोगों को परेशान करने का काम किया जा रहा है अभी तीन माह से नियमितीकरण को लेकर लोगों के आवास हो चाहे, व्यवसाय हो तालाबंदी की जा रही है।

नियमितीकरण के नाम पर लोगों से लाखों रुपए की वसूली की जा रही है, बार-बार नगर निगम के द्वारा आम जनता को परेशान करने की साजिश की जा रही है जबकि हमारी मांग रही है कि नियमितीकरण का सरलीकरण हो और जनता अपनी सुविधा अनुसार कराये, साथ ही लगातार पत्राचार कर स्वक्षता शुल्क को संपत्ति कर से हटाने की मांग भी की गई है, किंतु आज दिनांक तक महापौर ने उक्त विषय पर ध्यान नही दिया महापौर को तत्काल जनता से माफी मांगनी चाहिए और टैक्स बढ़ाने का सर्वे बंद करेंनियमितीकरण को सरलीकरण करें अन्यथा जनता आक्रोशित होगी और हम आंदोलन के लिए बाधित होंगे संपत्ति कर के विरोध में ज्ञापन सौंपने के लिए भाजपा पार्षद दल से पार्षद ऋतु चौरसिया, कमला बरेठ, विकास अग्रवाल, सुफल दास महंत, नारायण दास महंत, बुधवार साय यादव,कविता नारायण,गंगा भारद्वाज, नर्मदा लहरे, निखिल शर्मा, रविन्द्र सोन, पप्पू सिन्हा, माखन बरेठ, बद्री अग्रवाल, अमन अग्रवाल उपस्थित रहें।

# नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाई की तैयारी

- राजा मुखर्जी -
कोरबा,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले में सडक़ दुर्घटना के मद्देनजर छग सरकार अब बिना फिटनेस, टैक्स और दस्तावेज के चलने वाले वाहनों पर सख्ती करने की तैयारी में हैं। प्रदेश के सभी नेशनल हाइवे में अब ई-डिटेक्शन सिस्टम शुरू किया जा रहा है। इससे बिना फिटनेस और बिना टैक्स वाले वाहनों के टोल से गुजरने पर ऑटोमैटिक चालान होगा। मुख्यमंत्री ने सडक़ दुर्घटना में होने वाली मृत्यु के आंकड़ों को देखकर प्रदेश में रोड एक्सीडेंट कम करने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे द्वबताया जा रहा हैं की सडक़ दुर्घटना का एक प्रमुख कारण बिना फिटनेस के चलने वाले भारी वाहन हैं। अनफिट गाडिय़ों से होने वाली सडक़ दुर्घटना कम करने के लिए प्रदेश में परिवहन विभाग की पहल पर राष्टीय राजमार्गों में ई-डिटेक्शन सिस्टम शुरू किए जा रहद्व है, जो बिना फिटनेस के वाहनों को डिटेक्ट कर ऑटोमैटिक चालानी कार्यवाही करेगा द्व कोरबा परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छग में राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए परिवहन विभाग ने एनआईसी ओडिशा के सहयोग से ई-डिटेक्शन पोर्टल विकसित किया है। ई-डिटेक्शन पोर्टल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर विभिन्न टोल नाकों से गुजरने वाले वाहनों का डेटा एकत्र करना है। पहले चरण में नेशनल हाईवे पर टोल नाका को ई-डिटेक्शन पोर्टल से जोड़ा गया है।




# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा स्वैच्छिक रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

## इस वर्ष अब तक 44 शिविर के माध्यम से 1509 यूनिट रक्त का संग्रहण









- संवाददाता -
अम्बिकापुर,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय अम्बिकापुर के मंथन सभाकक्ष में आयोजित विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदाताओं के सम्मान कार्यक्रम में शामिल होकर 11 रक्तदाताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदाताओं शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विश्व विजय सिंह तोमर, शुभम जायसवाल, शुभम अग्रवाल, अजय तिवारी, कृष्णा टंकर, नौशाद अली, गिरीश गुप्ता, एम. सिद्धिकी, जय प्रकाश नारायण एवं संजय को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।




कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आपात स्थिति में खून की उपलब्धता सुनिश्चित कर इसकी कमी को दूर करने का ठोस प्रयास किया जा रहा है जो प्रदेश में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी लोगों के स्वास्थ्य लाभ के क्षेत्र में पूरे प्रदेश में रोल मॉडल का कार्य कर रही है। जिससे अब न केवल प्रदेश में बल्कि दूसरे प्रदेशों में भी इस कार्य को अपनाया जा रहा है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा में रेडक्रास सोसायटी द्वारा सिकलसेल, ब्लड की कमी आदि बीमारियों से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क रक्त प्रदान कर मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पीएस सिसोदिया द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी सरगुजा एवं हमर खून बचाह जिनगी अभियान एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व रक्तदाताओं के सहयोग से जिले में वर्ष 2023 की शुरुआत से अब तक 44 रक्त शिविर का आयोजन कर लगभग 1509 यूनिट रक्त का संग्रहण किया जा चुका है। मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर में सरगुजा संभाग के भर्ती जरूरतमंद मरीजों के उपचार में लाभकारी साबित हो रहा है। इस अवसर पर डॉ अर्पण सिंह चौहान द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री शफी अहमद, जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश गुप्ता, एनएचएम के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ पुष्पेन्द्र राम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# आंदोलन से हुए खामियाजा से बालको प्रबंधन के तेवर में आई नरमी,दी मांगों पर सहमति

- संवाददाता -
कोरबा,08 मई 2023 (घटती-घटना)।

परसाभाटा विकास समिति द्वारा विगत तीन दिनों से चल रहे आंदोलन को आपसी समझौते से किया गया समाप्त द्य मामला शुक्रवार दोपहर दो बजे की है जब परसाभाटा विकास समिति ने बालको प्रबंधन द्वारा जायज मांगों के पूरा नहीं किए जाने पर किया था चक्का जाम जिसके चलते प्लांट के अंदर कार्यरत कर्मचारी मजदूर चौबीस घंटे तक प्लांट मे बिना भोजन पानी के फंसे रहे जिसके चलते प्लांट में मजदूरों के बीच आक्रोश की भावना भी देखी गई द्य कर्मचारियों के तकलीफों को देखते हुए समिति ने आंदोलन में सामान्य डील देते हुए कर्मचारियों को निकलने की अनुमति दे दी जिसके चलते प्लांट में कर्मचारियों की उपस्थिति कम होने साथ ही कोल गेट को नहीं खोलने से ट्रकों के पहिए भी



थामे रहे द्व जिससे बालको प्रबंधन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा जिसके चलते बालको प्रबंधन ने अपने तेवर में नरमी लाते हुए आंदोलन के चौथे दिन प्रबंधन के अधिकारी अवतार सिंह ने नगर निरीक्षक सनत सोनवानी की मध्यस्थता में परसाभाटा विकास समिति के पदाधिकारी विकास डालमिया,शशी चंद्रा,पवन यादव की बैठक कर पुराना सहमती पत्र दिनांक 11/ 01/ 2023 को पुन दिनांक 08/05/2023 को उन्होने विभिन्न मागों में किया जाने वाला कार्यो को 10/05/2023 से शुरु करवाना स्वीकार किया , वहीं स्थानीय लोगों के रोजगार पर बात नही बनी मांगों के सहमति के पश्चात नगर निरीक्षक सनत सोनवानी की उपस्थिति में बालको कोयला गेट से हड़ताल समाप्त कर ट्रकों के आवगमन चालू करवाया गया समिति ने हुए बालको प्रबंधन की सहमति पर मजदूर भाईयो का,ट्रक चालको का हड़ताल में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया एवं सभी सदस्यों को जीत की दी बधाई। अब देखना होगा की क्या बालको मांगों पर किए जाने वाले कार्यों को दस मई से शुरू करेगी ? या फिर परसाभाठा विकास समिति द्वारा किया गया आंदोलन यूं ही व्यर्थ जाएगा।

# जिला प्रशासन ने प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले 06 मृतकों के परिजनों के लिए स्वीकृत की 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि

- संवाददाता -
कोरबा,08 मई 2023 (घटती-घटना)।



कलेक्टर श्री संजीव झा की पहल पर जिला प्रशासन ने प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले 18 प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की क्षतिपूर्ति सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील कोरबा के इंदिरानगर सिटी निवासी सरफराज खान की नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतक की माता साजदा बेगम को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। तहसील हरदीबाजार के ग्राम नोनबिर्रा निवासी संजय यादव की कुंए के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतक के पिता भीम यादव को चार लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। तहसील कोरबा के ग्राम नकटी खार निवासी कु. पलक महंत की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतका के पिता श्यामदास को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। तहसील कोरबा के तुलसी नगर निवासी भूपन चौहान की हसदेव नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतक की पत्नी पुन्नी बाई चौहान को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी की गई है। तहसील पोड़ीउपरोड़ा अंतर्गत ग्राम जामकछार निवासी फुलबसिया बाई की मनवार नाला के पानी में डूबने के कारण मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतका के पति मालिकराम कछार को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। तहसील पाली अंतर्गत ग्राम नवाडीह कांजीपानी निवासी सावन सिंह की सर्पदंश के कारण मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतक की पत्नी सुनीता बाई को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है।मृतकों के मृत्यु के संबंध में संबंधित तहसीलदारों द्वारा पटवारी प्रतिवेदन, पंचनामा, शव परीक्षण, नजरी नक्शा, अकाल एवं आकस्मिक मृत्यु सूचना पंजी एवं संबंधित थाना का मर्ग प्रतिवेदन एवं शपथ पूर्वक बयान प्रस्तुत किया गया है। संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के प्रतिवेदन पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतकों के परिजनों को क्षतिपूर्ति के रूप में 06 प्रकरणों में चार-चार लाख रूपए कुल 24 लाख रुपए की सहयोग राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। सहायता राशि मिलने से परिजनों को दुख की घड़ी में आर्थिक राहत मिलेगी।

# मामूली विवाद पर दत्तक बेटे ने की बाप की हत्या

- संवाददाता -
कोरबा,08 मई 2023 (घटती-घटना)।



कोरबा जिले के करतला थाना अंतर्गत ग्राम फत्तेगंज के सराईभांठा में रविवार देर रात हत्या की घटना सामने आयी है। जिसमे दुलार सिंह कंवर 50 वर्ष की हत्या उसके दत्तक पुत्र ने कर दी। हत्या की वजह शराब पी कर घर आना था।बताया जा रहा है दुलार सिंह कंवर के बच्चे नहीं है। उसने 8 साल पहले बड़े भाई राम लाल के बड़े बेटे चंद्र कुमार को गोद लिया थद्व। पालन-पोषण के साथ ही उसका परिवारिक रीति रिवाज के साथ विवाह भी किया। चंद्र कुमार के दो बच्चे भी हैं व सभी एक साथ रहते थे। दुलार सिंह ने कुछ दिन पहले घर पर पूजा पाठ का आयोजन किया जिसमें पुजारी को देने के लिए घर पर अलग से चावल रखा था उसे चन्द्र कुमार ने बेचकर शराब पी लि। रविवार देर शाम चंद्र कुमार घर आया तो पिता ने इस हरकत पर आपत्ति जताई। दोनों के बीच विवाद हो गया और चंद्र कुमार ने दुलार सिंह पर टांगी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना के बाद करतला पुलिस ने आरोपी चंद्र कुमार को पकड़ लिया।दुलार सिंह के शव को पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के साथ ही आरोपी पर की गई कार्यवाही।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम पटेल हेतल बेन पिता चिमन भाई पटेल पति राकेश कुमार पटेल
अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम हेतल बेन पटेल
पिता चिमन भाई पटेल पति राकेश कुमार पटेल
निवासी/ पता सतीपारा अम्बिकापुर, नेहरूवार्ड रख लिया हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया
नाम हेतल बेन पटेल
पिता/पति चिमन भाई पटेल
से जाना एवं पहचाना जाए।

शपथकर्ता
हेतल बेन पटेल
पता सतीपारा अम्बिकापुर नेहरू वार्ड

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)सक्षम प्राधिकारी (डायवर्सन)प्रतापपुर जिला-सूरजपुर(छ0ग0)**

/ /उद्घोषणा / /

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनिता गोयल पति प्रदीप गोयल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम प्रतापपुर तहसील प्रताप्रपुर जिला सूरजपर(छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम प्रतापपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 623/20 रकबा 0.02 हें0 भूमि को छ0ग0 भू -राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के अन्तर्गत कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया. यदि इस पर किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 23/05/2023 तक अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्तदावा,/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

आज दिनांक 08,/05 / 2023 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील अनुविभागीय अधिकारी(रा) प्रतापपुर सूरजपुर (छ0ग0)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)सक्षम प्राधिकारी (डायवर्सन)प्रतापपुर जिला-सूरजपुर(छ0ग0)**

/ /उद्घोषणा / /

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनिता गोयल पति प्रदीप गोयल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम प्रतापपुर तहसील प्रताप्रपुर जिला सूरजपर(छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम प्रतापपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 623/42, 623/18 रकबा क्रमशः 0.04,0.04 हें0 भूमि को छ0ग0 भू -राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के अन्तर्गत कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया. यदि इस पर किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 19/05/2023 तक अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा,/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

आज दिनांक 08,/05 / 2023 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील अनुविभागीय अधिकारी(रा) प्रतापपुर सूरजपुर (छ0ग0)

**न्यायालय नायब तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर(छ0ग0)**

202305262600012/अ-21/2022-23

-: ईश्तहार :-

आम जनता ग्राम देवीपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकरण साहू आ0 सोबरन साहू जाति तेली निवासी ग्राम देवीपुर तहसील व जिला सूरजपुर(छ0ग0) द्वारा ग्राम देवीपुर स्थित व्यपवर्तित भूमि ख0नं0 2033 रकबा 0.065 हे0 में से 0.040 हे0 भूमि को अपने नाती अनावेदक रेवती कुमार साहू के पक्ष में पंजीकृत दानपत्र के माध्यम से भूमि देना चाहता है। वाद भूमि आवासीय व्यपवर्तित भूमि है,जिससे भूमि अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर जांच की कार्यवाही पूर्ण किए जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.05.2023 को स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर से जारी।

सील नायब तहसीलदार सूरजपुर जिला-सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा (छ0ग0)**

-: ईश्तहार :-

रा0प्र0क्र/अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शीला लकड़ा आ0 कमल राम जाति उरांव निवासी ग्राम/नगर उरांवपारा सम्बलपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सरगवां तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 225/14 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1 खसरा,नक्शा रि-नम्बरिंग सूची, अधिकार अभिलेख, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 19/05/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

CMYK

# आरसीबी के खिलाफ मैच से पहले रोहित की फॉर्म और डेथ ओवरों की गेंदबाजी मुंबई के लिए चिंता का विषय

**मुंबई अभी अंक तालिका में छठे स्थान पर है और अगर उसे आगे बढ़ना है तो उसके प्रमुख बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा**



**मुंबई,08 मई 2023।** अब जबकि प्लेऑफ में जगह बनाने की जंग कड़ी हो गई है तब मुंबई इंडियंस के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच से पहले कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म और डेथ ओवरों की गेंदबाजी सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है। रोहित ने अभी तक 10 मैचों में 18.39 की औसत से 184 रन बनाए हैं। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि उनका बल्ला नहीं चल पा रहा है। मुंबई अभी अंक तालिका में छठे स्थान पर है और अगर उसे आगे बढ़ना है तो उसके प्रमुख बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस आईपीएल में रोहित की भूमिका शीर्ष क्रम में टीम को तेज शुरुआत देना है। वह कुछ मैचों में ऐसा करने में सफल रहे लेकिन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाए। उनके जल्दी आउट हो जाने से टीम के मध्यक्रम पर दबाव पड़ रहा है।

पिछले साल आईपीएल में भी रोहित अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उन्होंने तब 14 मैचों में 268 रन बनाए थे और उनकी टीम अंतिम स्थान पर रही थी। मुंबई के लिए यह अच्छी बात है शीर्ष क्रम में रोहित के नहीं चलने पर उसके पास ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, कैमरन ग्रीन, तिलक वर्मा और टिम डेविड जैसे खिलाड़ी हैं जो बखूबी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। रोहित पर से दबाव हटाने के लिए मुंबई ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा लेकिन उसका यह दांव भी नहीं चल पाया। रोहित लगातार दूसरे मैच में खाता भी नहीं खोल पाए जबकि उनकी जगह पारी का आगाज करने वाले ग्रीन केवल छह रन ही बना सके। मुंबई इस मैच में आठ विकेट पर 139 रन ही बना पाया और उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। रोहित की फॉर्म के अलावा मुंबई के लिए डेथ ओवरों की गेंदबाजी भी चिंता का विषय बनी हुई है। उसने पहले गेंदबाजी करने पर लगातार चार मैचों में 200 से अधिक रन लुटाए। इनमें से दो मैच वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर खेले गए थे।

दूसरी तरफ आरसीबी विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा होगा क्योंकि जब इन तीनों का बल्ला चला है तब उसकी टीम जीत दर्ज करने में सफल रही है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में महिपाल लोमरोर ने भी 54 रन की उपयोगी पारी खेली लेकिन उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। आरसीबी की टीम अभी 10 मैचों में पांच जीत से 10 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। डुप्लेसी ने अभी तक इस सत्र में 511 रन बनाए हैं लेकिन आरसीबी के लिए चिंता का विषय दिनेश कार्तिक का बल्लेबाजी में लगातार असफल रहना है। जोश हेजलवुड के शामिल होने से आरसीबी की गेंदबाजी को मजबूती मिली है।मोहम्मद सिराज टीम के अभी तक सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 10 मैच में 15 विकेट लिए हैं।

टीम इस प्रकार हैं- मुंबई इंडियंसः रोहित शर्मा (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, अरशद खान, जेसन बेहरेनडॉर्फ, डेवाल्ड ब्रेविस, पीयूष चावला, टिम डेविड, राघव गोयल, कैमरन ग्रीन, इशान किशन (विकेटकीपर), डुआन जानसेन, क्रिस जॉर्डन, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल , रिले मेरेडिथ, शम्स मुलानी, रमनदीप सिंह, संदीप वारियर, ऋतिक शौकीन, ट्रिस्टन स्टब्स, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, सूर्यकुमार यादव। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर- फाफ डुप्लेसी (कप्तान), आकाश दीप, फिन एलेन, अनुज रावत, अविनाश सिंह, मनोज भांडगे, माइकल ब्रेसवेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सिद्धार्थ कौल, विराट कोहली, महिपाल लोमरोर, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, वेन पार्नेल, हर्षल पटेल, सुयश प्रभुदेसाई, राजन कुमार, शाहबाज़ अहमद, कर्ण शर्मा, हिमांशु शर्मा, सोनू यादव, विजयकुमार वैशाक, केदार जाधव। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 20 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की



**नई दिल्ली ,08 मई 2023।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 18 मई से एडिलेड में होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। वे ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैच भी खेलेंगी। यह दौरा हांग्जो एशियाई खेलों 2023 के लिए टीम की तैयारियों का हिस्सा होगा।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व शीर्ष गोलकीपर सविता करेंगी जिन्हें हाल ही में बलबीर सिंह सीनियर हॉकी इंडिया प्लेयर ऑफ द ईयर (2022) पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

उप कप्तान के रूप में उनकी सहायता दीप ग्रेस एक्का करेंगी। डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता और गुरजीत कौर के अलावा बिछु देवी खारीबम को टीम में शामिल किया गया है। मिडफील्डर्स में निशा, नवजोत कौर, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति और बलजीत कौर शामिल हैं।

भारत की फॉरवर्ड लाइन का नेतृत्व अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया करेंगी, जिनके पास 250 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय कैप हैं। उनके साथ लालरेमसियामी, संगीता कुमारी और शर्मिला देवी भी होंगी।

÷हम दो गहन प्रशिक्षण ब्लॉकों के बाद फिर से अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया एक दुर्जेय प्रतिद्वंद्वी है जो गति के साथ आक्रामक हॉकी खेलना पसंद करता है। यह हमारे लिए एक बड़ी परीक्षा होगी, और हम अपराध पर उनकी गति को बनाए रखने का प्रयास करेंगे। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य कोच जनेके स्कोपमैन ने कहा, हमारा रक्षात्मक मैदान।

भारत 18 और 20 मई को ऑस्ट्रेलिया से और 21 मई को ऑस्ट्रेलिया ए से 25 मई और 27 मई को भिड़ेगा। एडिलेड का मेट स्टेडियम सभी पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

भारतीय टीम सविता (सी), बिचू देवी खारीबम, दीप ग्रेस एक्का (वीसी), निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता, गुरजीत कौर, निशा, नवजोत कौर, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति, बलजीत कौर, लालरेमसियामी, वंदना कटारिया, संगीता कुमारी, शर्मिला देवी।

## जेफ्री इमैनुएल ने एफआईएम विश्व चैंपियनशिप जूनियर जीपी में पहली रेस पूरी की

**एस्टोरिल ,08 मई 2023।** भारत के जेफ्री इमैनुएल ने क्वालीफाइंग सत्र में बाइक के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बावजूद यहां प्रसिद्ध सर्किट डो एस्टोरिल में एफ आई एम विश्व चैंपियनशिप जूनियर जीपी के पहले दौर में अपनी पहली रेस पूरी की। चेन्नई में जन्मे 18 वर्षीय जेफ्री जूनियर जीपी में भाग लेने वाले पहले और एकमात्र भारतीय हैं। क्वालीफाइंग सत्र में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसके कारण वह कोई समय दर्ज नहीं कर पाए थे। अभ्यास सत्र में उनके समय को देखते हुए हालांकि उन्हें मुख्य रेस में भाग लेने की अनुमति दी गई। उन्होंने 29 बाइकर्स के बीच अंतिम स्थान से शुरुआत की और आखिर में 22वें स्थान पर रहे।



# एशिया कप 2023 को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार

**» अब इन दों देशों ने बढ़ाई पाकिस्तान की मुश्किलें**

**नई दिल्ली ,08 मई 2023।** एशिया कप 2023 को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान के पास है। हालांकि, भारत ने पहले ही सुरक्षा कारणों से साफ कह दिया है कि उसके खिलाड़ी पड़ोसी मुल्क का दौरा नहीं करेंगे। इसके बाद माना जा रहा था कि भारत के मुकाबले किसी अन्य देश में खेले जाएंगे और बाकी के मुकाबले पाकिस्तान में हो सकते हैं। लेकिन अब ऐसा लगता है कि पाकिस्तान के लिए परिस्थितियां और भी मुश्किल हो सकती हैं। खबर है कि श्रीलंका और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान जाने से मना कर दिया है। हालांकि इसको लेकर अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। पाकिस्तान के जियो न्यूज के मुताबिक श्रीलंका और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप का पाकिस्तान से बाहर खेले जाने का समर्थन किया है। दोनों ही देश एशिया कप को पाकिस्तान से बाहर कराने को इच्छुक है। अगर यह दोनों अड़े रहते हैं तो कहीं ना कहीं पाकिस्तान के लिए एशिया कप को अपनी जमीन पर कराना मुश्किल होगा। एक बार फिर से इस बात की गुंजाइश बनती दिखाई दे रही है कि एशिया कप किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जा सकता है ।फिलहाल इस रेस में संयुक्त अरब अमीरात सबसे आगे है जहां 2022 का एशिया कप हुआ था। रिपोर्ट में आगे दावा किया गया है कि दोनों क्रिकेट बोर्ड, श्रीलंका और बांग्लादेश ने इस साल टूर्नामेंट की मेजबानी करने में रुचि दिखाई है



इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रबंध समिति के अध्यक्ष नजम सेठी ने साफ तौर पर कहा था कि एशिया कप की मेजबानी को हम किसी भी कीमत पर जाने नहीं देंगे। नजम सेठी ने साफ तौर पर कहा कि टूर्नामेंट आयोजन की जिम्मेदारी किसी और को हम नहीं दे सकते। हम हाइब्रिड मॉडल के आधार पर एशिया कप को कराने की तैयारी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय टीम पाकिस्तान आती है तो यह बहुत अच्छा है। अगर नहीं आती है तो उसके मुकाबले न्यूट्रल रिवेन्यू पर कराए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इसकी जानकारी और पूरा शेड्यूल एशियन क्रिकेट काउंसिल को दे दी गई है।

# विश्व कप 2023 के लिए रायपुर में होगा मुकाबला

**नई दिल्ली ,08 मई 2023।**आईसीसी विश्व कप 2023 की शुरुआत कुछ ही महीनों में भारत में होने वाली है। वर्ष 2023 में होने वाले इस विश्व कप का आयोजन भारत के अलग अलग शहरों में होने वाला है। अब जानकारी सामने आई है कि क्रिकेट के इस महाकुंभ के एक मैच का आयोजन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी किया जा सकता है।




इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने बीसीसीआई से संपर्क किया है। बीसीसीआई और आईसीसी इस मामले पर विचार करेंगी कि रायपुर में भी मैच का आयोजन किया जा सकत है या नहीं। हालांकि इस संबंध में किसी तरह की जानकारी सामने नहीं आई है। माना जा रहा है कि विश्व कप का एक मुकाबला रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अतंर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा सकता है। दरअसल छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि रायपुर के क्रिकेट स्टेडियम में सर्व सुविधाएं उपलब्ध है। ऐसे में अगर विश्व कप के मुकाबले की मेजबानी रायपुर को मिलती है तो ये शानदार होगा।

**इस दौरान हो सकता है विश्व कप**

विश्व कप 2023 का आयोजन पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होने की संभावना है। आईसीसी और बीसीसीआई ने इस विश्व कप के आयोजन को लेकर पूरी तैयारियां कर ली है। हालांकि अब तक आधिकारिक तौर पर विश्व कप की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है। इस विश्व कप का फाइनल मुकाबला नवंबर के महीने में होगा। इस विश्व कप के मुकाबले भारत के अलग अलग शहरों में होंगे। संभावना है कि नागपुर, बेंगलुरु, त्रिवेंद्रम, मुंबई, दिल्ली, लखनऊ, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, राजकोट, इंदौर, बेंगलुरु, धर्मशाला आदि शहरों में इस विश्व के मुकाबले खेले जाएंगे।

# जेक पॉल टॉमी फ्यूरी के खिलाफ फिर से चाहता है मैच

**लंदन ,08 मई 2023।** यू-ट्यूबर से पेशेवर मुक्केबाज बने जेक पॉल अंग्रेजी पेशेवर मुक्केबाज और रियलिटी टेलीविजन व्यक्तित्व टॉमी फ्यूरी के खिलाफ दोबारा मैच चाहते हैं।

जेक पॉल इस साल की शुरुआत में सऊदी अरब में हारने के बाद टॉमी फ्यूरी के खिलाफ मोचन के लिए आश्वस्त हैं।



फ्यूरी के खिलाफ हार ने पॉल की छह-लड़ाई जीतने वाली लकीर और नाबाद रिकॉर्ड को समाप्त कर दिया, जिसके दौरान उन्होंने पूर्व अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप सितारों टायरन वुडली और बेन एस्क्रेन पर जोरदार नॉकआउट जीत दर्ज की थी।

पॉल, जो 5 अगस्त को अमेरिका के टेक्सास में नैट डियाज का सामना करने वाला है, अपनी शुरुआती मुलाकात में भारी दिलचस्पी के बाद फ्यूरी के खिलाफ फिर से मैच करने का इरादा रखता है।

पॉल के पास सऊदी अरब में टॉमी फ्यूरी के साथ अपनी प्रारंभिक लड़ाई के अनुबंध में एक रीमैच क्लॉज डाला गया था, फिर भी उसने इसे आगे बढ़ाने का फैसला नहीं किया क्योंकि वह डियाज से लड़ना चाहता था।

यह होने जा रहा है, यह निश्चित रूप से होने जा रहा है,पॉल ने मियामी ग्रैंड प्रिक्स में स्काई स्पोर्ट्स से दोबारा मैच के बारे में पूछा।

सऊदी अरब में लड़ाई के बारे में बात करते हुए जेक पॉल ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक शानदार लड़ाई थी, यह मनोरंजक थी, यह पिछले दो वर्षों में मुक्केबाजी में सबसे बड़ा पे-पर-व्यू था, इसलिए मुझे लगता है कि हमें इसे वापस चलाना होगा।÷ .

पॉल ने कहा, मैं उस दिन से जिम में हूं जब मैं सऊदी से लौटा हूं। ÷मैं हर एक दिन, सप्ताह में छह दिन काम कर रहा हूं, वापस आने और जो मेरा है उसे लेने के प्रतिशोध से भरा हुआ है क्योंकि मुझे पता है कि मैं टॉमी को हरा सकता हूं।÷

21 दिसंबर, 2019 को यह घोषणा की गई थी कि पॉल 30 जनवरी, 2020 को मियामी में (जिब के नाम से जाना जाता है) के खिलाफ अपना पेशेवर मुक्केबाजी डेब्यू करेंगे।









## बड़े मियां छोटे मियां से फाइटर तक,इन फिल्मों में लगेगा एक्शन का जबरदस्त तड़का

अक्षय कुमार की भले ही पिछली फिल्में फ्लॉप रही हों, लेकिन इससे उनकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। यही वजह है कि प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों की राह भी बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। हाल ही में अक्षय ने ऐलान किया की उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां अगले साल ईद पर आएगी। इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन देखने को मिलेगा। आइए जानते हैं और किन फिल्मों में आपको एक्शन का तगड़ा डोज मिलने वाला है।

एक्शन के शौकीनों को भी गदर 2 का इंतजार है। सनी देओल तो वैसे ही एक्शन करने में माहिर रहे हैं और अब वह एक बार फिर अपने दमदार एक्शन से दर्शकों के होश उड़ाने वाले हैं। कुछ ही समय पहले उनकी इस फिल्म के सेट पर शूट हुआ एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एक्शन सीन की शूटिंग हो रही थी। गदर-एक प्रेम कथा ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था। अब फिर सनी धमाल मचाने वाले हैं।

इस फिल्म के नाम से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसके एक्शन का स्तर क्या होगा। यह करण जौहर की पहली एक्शन फ्रेंचाइजी है। लिहाजा उन्होंने इसे खास बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा हैं, वहीं दिशा पाटनी और राशि खन्ना भी इसमें अहम भूमिका निभाने वाली हैं। सिद्धार्थ फिल्म में रॉ एजेंट बनकर धमाकेदार एक्शन करते दिखेंगे। सच्ची घटना से प्रेरित यह कहानी 15 सितंबर, 2023 को सिनेमाघरों में आएगी।

फाइटर भारत की पहली एरियल एक्शन फ्रेंचाइजी होगी। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। इसके जरिए पहली बार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की जोड़ी बनी है। न सिर्फ ऋतिक, बल्कि दीपिका भी इसमें जबरदस्त स्टंट करती नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि फिल्म में ऐसे एक्शन सीन देखने को मिलेंगे, जो पहले कभी किसी भारतीय फिल्म में देखने को नहीं मिले होंगे।

अगर आप एक्शन फिल्मों की राह देख रहे हैं तो सलमान खान और कैटरीना कैफ की टाइगर 3 भी आपकी कसौटी पर खरी उतरेगी। इसमें सलमान और शाहरुख खान का एक्शन सीक्वेंस देखने लायक होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर 3 के इस स्पेशल सीक्वेंस के लिए 35 करोड़ रुपये का एक विशाल सेट बनाया जाएगा। इस एक्शन सीक्वेंस के लिए दुनियाभर के 3 बड़े एक्शन निर्देशकों से हाथ मिलाया गया है। शाहिद कपूर की फिल्म ब्लडी डैडी का टीजर सामने आने के बाद इसकी रिलीज को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। रिलीज हुए टीजर में शाहिद एकदम अलग अवतार में नजर आ रहे थे। इसे देख साफ हो गया था कि शाहिद फिल्म में एक्शन पैक्ड अवतार में दिखेंगे। ब्लडी डैडी में कई एक्शन सीन हैं, जिसे निर्देशक अली अब्बास जफर ने अलग तरीके से फिल्माया है। इसमें दर्शकों को हथियारों से ज्यादा हैंड टू हैंड फाइट देखने को मिलेगी।

# कहर बरपाती दिखीं याशिका आनंद

तमिल एक्ट्रेस और मॉडल याशिका आनंद कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनकी एक्टिंग भले ही लोगों को कुछ खास पसंद नहीं आई हो लेकिन एक्ट्रेस आए दिन अपनी बोल्ड फोटोशूट को लेकर काफी चर्चाओं में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस याशिका आनंद ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जिसमें उनकी हॉटनेस देख यूजर्स उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। साउथ इंडस्ट्री में अपनी हॉटनेस का जलवा बिखेरने वाली एक्ट्रेस याशिका आनंद इन दिनों अपने बोल्ड लुक्स के कारण चर्चाओं में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो हमेशा सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस याशिका आनंद ने बेहद ही सेक्सी आउटफिट पहना हुआ है। फैंस भी उनका ये लुक देखकर इंप्रेस हो गए हैं। याशिका आनंद ने अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में रेड कलर की मोनोकिनी लुक में ड्रेस पहनी हुई है जिसमें वो अपना डीपनेक फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस याशिका आनंद ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपना परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करते हुए फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। बता दें कि याशिका आनंद ने एडल्ट कॉमेडी फिल्मों में भी बोल्ड सीन्स देकर दर्शकों का अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी अच्छी-खासी है।



## फाइनली आगे सरकी जवान,अब 7 सितंबर को सिनेमाघरों में देगी दस्तक




शाहरुख खान की फिल्म जवान की पिछले साल घोषणा हुई थी। घोषणा के साथ ही शाहरुख का लुक भी साझा किया गया था, जिसने लोगों को खूब आकर्षित किया था। यह फिल्म 2 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बीते कुछ दिनों से इसके टलने की खबरें आ रही थीं। अब फिल्म की रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। अब यह फिल्म 2 जून की बजाय 7 सितंबर को रिलीज की जाएगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के वीएफएक्स के काम में अभी और वक्त की जरूरत है। निर्माता इसमें कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इसके लिए इसकी रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया है। इस घोषणा के पहले से ही सोशल मीडिया पर जवान ट्रेंड कर रहा था। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने ट्विटर पर नई रिलीज डेट की जानकारी दी है।

# शासकीय नौकरियों में भर्ती का सिलसिला तेजी से शुरू

» लम्बे इंतजार के बाद नियुक्ति आदेश जारी होने से उत्साहित जूनियर इंजीनियरों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

» जल संसाधन विभाग में 352 उप अभियंता तथा ऊर्जा विभाग में 307 जूनियर इंजीनियरों की नियुक्ति

## नई भर्तियों के लिए विज्ञापन और चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति आदेश लगातार किए जा रहे हैं जारी




रायपुर,08 मई 2023(ए)। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य शासन का यह प्रयास है कि विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर तेजी से भर्तियां हों। युवाओं को शासकीय सेवा में काम करने का अवसर मिले। कोर्ट के आदेश के बाद छत्तीसगढ़ में शासकीय नौकरियों में भर्ती का सिलसिला तेजी से शुरू हो गया है। विभिन्न विभागों द्वारा नई भर्ती के लिए लगातार विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं, इसी प्रकार जहां चयन प्रक्रिया पूरी हो गई, वहां नियुक्ति आदेश जारी किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय परिसर में आयोजित आभार कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। लम्बे इंतजार के बाद नियुक्ति आदेश जारी होने से उत्साहित जल संसाधन विभाग के चयनित उप अभियंताओं और ऊर्जा विभाग में नवनियुक्ति जूनियर इंजीनियरों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों द्वारा मुख्यमंत्री श्री बघेल के प्रति आभार प्रकट करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुसार ऊर्जा विभाग और जल संसाधन विभाग द्वारा चयनित उप अभियंताओं के नियुक्ति आदेश तत्काल जारी किए गए। ऊर्जा विभाग के डाटा एंट्री ऑपरेटरों के डाक्यूमेंट का सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही उनके नियुक्ति आदेश विभाग द्वारा किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री नंद कुमार साय, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री विनोद वर्मा, ऊर्जा विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री अनबलगन पी. भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में चयनित सभी इंजीनियरों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में आने का आपका और आपके परिवार का सपना पूरा हुआ है। अब हम सबको मिलकर छत्तीसगढ़ की जनता के सपनों को साकार करना है। आप पर बड़ी जिम्मेदारी है। प्रदेश के ऊर्जा परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में बिजली की डिमांड 4100 मेगा वॉट से बढ़कर 5300 मेगा वॉट हो गई है। खेती-किसानी, उद्योग, घरेलू क्षेत्र में बिजली की खपत बढ़ रही है। ऐसे में ऊर्जा विभाग के नये चयनित जूनियर इंजीनियरों पर गुणवत्तापूर्ण बिजली की लगातार आपूर्ति बनाए रखने, गुणवत्ता के साथ बिजली अधोसंरचना के विस्तार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संसाधन विभाग में भी काफी दिनों बाद इतनी बड़ी संख्या में इंजीनियरों की भर्ती की गई है। जल संसाधन विभाग के इंजीनियरों को खेतों तक पानी पहुंचाने के साथ उद्योगों को पानी की आपूर्ति तथा पेयजल व्यवस्था का भी ध्यान रखना है, इसके लिए आप लोगों से बड़ी आशाएं हैं। छत्तीसगढ़ विद्युत पारेषण कंपनी की एमडी श्रीमती उज्जवला बघेल ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य पावर कम्पनियों ने जूनियर इंजीनियरों के 307 पदों तथा डाटा एंट्री ऑपरेटरों के 400 पदों में भर्ती के लिए जनवरी 2022 में परीक्षा आयोजित की गई थी। अगस्त 2022 में 276 जूनियर इंजीनियरों की नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए थे। कोर्ट के आदेश के बाद 31 जूनियर इंजीनियरों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं। जल संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री श्री पी.के. शर्मा ने बताया कि उप अभियंता के 400 पदों पर जल संसाधन विभाग द्वारा भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था, भर्ती प्रक्रिया पूर्ण के बाद चयनित 352 उप अभियंताओं के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। शेष 48 पदों पर जल्द आदेश जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कम्पनी में जूनियर इंजीनियर के पद पर चयनित सुश्री समीक्षा सोनी, जल संसाधन विभाग के उप अभियंता श्री आयुष सिंह और श्रीमती प्रेरणा तिवारी सहित नवनियुक्त इंजीनियरों ने शासकीय सेवा का अवसर मिलने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

# सट्टा का आरोपी अशोक चढ़ा पखांजुर पुलिस के हत्थे

» जप्त सामग्री :दो नग विवो एंड्रॉयड व एप्पल मोबाइल

-दीपक मिश्रा-

कांकेर,08 मई 2023(ए)। पुलिस अधीक्षक महोदय कांकेर शलभ कुमार सिन्हा (आईपीएस) के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर धीरेंद्र कुमार पटेल व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर रवि कुमार कुजूर के पर्यवेक्षण में पखांजुर पुलिस को अवैध रूप से आईडी प्राप्त कर लोटस एप के माध्यम से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खेलाने वाला एक आरोपी सहित दो नग मोबाईल को जप्त करने में पखांजुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफ़लता मिली है! मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 07/5/23 के शाम थाना पखांजूर कें उपनिरीक्षक संजय यादव को मुखबीर से सूचना मिली कि नया बाजार पखांजूर में स्थित एक किराने की दुकान में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खेलाया जा रहा है सूचना पाकर पखांजुर पुलिस की टीम मुखबिर से प्राप्त सुचना के आधार पर घटनास्थल दास किराना स्टोर नया बाजार पखांजूर जाकर छापामारी कार्यवाही कर दुकानदार से पूछताछ व उनके हाथ में रखे मोबाईल का जांच करने पर दो नग मोबाइल में लोटस 365 एप से आईपीएल मैच गुजरात व्ही/एस लखनऊ तथा राजस्थान रॉयल विरुद्ध हैदराबाद के मैचों का आरोपी द्वारा सट्टा खिलाने के लिए गुजरात का ₹25 का भाव से सट्टा लगाना पाया गया, व ₹10,000 लगाने पर ₹17500 इत्यादि का रेट से ग्राहकों को 2व्हॉट्सऐप्प चैट के माध्यम से बता कर अवैध रूप से मोबाईल के माध्यम से रुपए पैसे का ऑनलाइन लेन-देन कर आईपीएल सट्टा खेलाते रंगे हाथ पकड़े जाने पर आरोपी अशोक दास पिता अनिलचंद दास उम्र 37 वर्ष निवासी पखांजूर के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 4,6,7,8 का अपराध घटित करना पाए जाने पर आरोपी अशोक दास को गिरफ़्तारी का वजह बताते हुए गिरफ्तार किया गया व प्रकरण अजमानतीय होने से आज दिनांक को आरोपी का न्यायिक रिमांड चाहने माननीय न्यायालय भेजा गया है, तथा जप्त मोबाईल से प्राप्त ट्रांजेक्शन व चैटिंग की जांच एक्सपर्ट से कराई जा रही है जिसमे अन्य लोगों की सलिप्तता होने की संभावना है

कार्यवाही में थाना प्रभारी पखांजूर निरीक्षक एम डी देशमुख के निर्देश पर उपनिरी.संजय यादव के नेतृत्व में आर. हेमंत द्ववेदी ,आनंद, जोसेफ , मआर. सरोज की महत्वपूर्ण योगदान रहा है।




# श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की नई दरें निर्धारित

रायपुर,08 मई 2023(ए)। श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के लिए एक अप्रैल 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक के लिए न्यूनतम वेतन दरें निर्धारित की गई है।यह दरें 45 अनुसूचित, सामान्य नियोजन के लिए प्रतिदिन 20 रूपए और प्रतिमाह 260 रूपए की वृद्धि की गई है। कृषि नियोजन में कार्य श्रमिको के लिए 225 रूपए प्रतिमाह की वृद्धि की गई है। इसी तरह से अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिकों के लिए प्रति एक हजार अगरबत्ती के लिए 5 रूपए 85 पैसे की वृद्धि की गइ है।न्यूनतम वेतन की निर्धारित दरों के लागू होने पर अब अकुशल श्रमिक जोन 'अ' के लिए 10 हजार 480 रूपए, जोन 'ब' के लिए 10 हजार 200 रूपए और जोन 'स' के लिए 9 हजार 960 रूपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है। इसी तरह से अर्द्धकुशल श्रमिको को जोन 'अ' के लिए 11 हजार 130 रूपए, जोन 'ब' के लिए 10 हजार 870 और 'स' के लिए 10 हजार 610 रूपए प्रतिमाह न्यूनतम देय होगा। इसी तरह से कुशल श्रमिको को जोन 'अ' के लिए 11 हजार 910 रूपए, 'ब' के लिए 11 हजार 650 रूपए और जोन 'स' के लिए 11 हजार 390 न्यूनतम वेतन देय होगा। उच्च कुशल श्रमिको को जोन 'अ' के लिए 12 हजार 990 रूपए, 'ब' के लिए 12 हजार 430 रूपए और जोन 'स' के लिए 12 हजार 170 रूपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन मिलेगा। कृषि श्रमिको के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन अकुशल कृषि श्रमिको के लिए 8 हजार 400 रूपए प्रतिमाह दिया जाएगा। इसी प्रकार से अगरबत्ती निर्माण श्रमिकों के लिए अगरबत्ती रोलर्स में एक हजार अगरबत्ती बनाने पर 32 रूपए 81 पैसे और सुगंधित सेंटेड अगरबत्ती बनाने पर 33 रूपए 51 पैसे देय होगा। श्रमायुक्त ने बताया है कि एक अप्रैल से प्रभावशील यह न्यूनतम वेतन दरें श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।



## शराब घोटाले पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईडी पर किया कटाक्ष

# राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश रच रही है ईडी

रायपुर,08 मई 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ के शराब घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया है। सीएम बघेल ने मीडिया से बातचीत में कहा, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए ईडी के जरिए साजिश रची जा रही है। यह (शराब) नीति भाजपा सरकार ने 2017 में बनाई थी। 2017-18 में आबकारी मद से ₹3900 करोड़ की प्राप्ति हुई। हमारे शासनकाल में यह बढ़कर ₹6000 करोड़ हुआ।

मुखे यमंत्री ने कहा, सीएजी तो भारत सरकार का विभाग है। सीएजी ने छत्तीसगढ़ सरकार के आबकारी विभाग को क्लीनचिट दी है। जब राजस्व में 1.5 गुना से अधिक वृद्धि हो गयी तो ईडी का आरोप तो वैसे ही असत्य साबित हो जाता है। सीएम बघेल ने कहा, ईडी द्वारा लगाए गए आरोप मनगढ़ंत हैं। केंद्रीय एजेंसियां भाजपा के राजनीतिक एजेंट के रूप में काम कर रही हैं। ईडी का काम चुनाव में बीजेपी की मदद करना है।



### ईडी ने छत्तीसगढ़ में पकड़ा दो हजार करोड़ का शराब घोटाला

दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय ने 500 करोड़ के कोयला परिवहन घोटाले के बाद अब दो हजार करोड़ का शराब घोटाले को पकड़ा है। ईडी ने शराब कारोबारी अनवर ढेबर को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे चार दिन की रिमांड पर भेज दिया गया। ईडी ने रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर को शराब सिंडिकेट का सरगना बताया है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर हुआ अमल

» 13 आदिवासी युवा कृषि, वनोपज संग्रहण के अध्ययन हेतु हुए विदेश रवाना

-दीपक मिश्रा-

कांकेर,08 मई 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गत वर्ष अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम आमाकडा में अप्रैल माह में आयोजित झलमलको लया-लयोर घोटूल रच्चा उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई घोषणा पर अमल किया जाकर गोटूल रच्चा समिति के 13 सदस्यों- परमानंद उईके, अधन सिंह सलाम, राजूराम उसेंडी, रामसिंह मरकाम, कंगलू राम कोमरा, सतीश टेकाम, मानिक लाल कोमरा, सुरेश कुमार मंडावी, जुगल राम मंडावी, खेमन कुमार उसेंडी, वीर सिंह मंडावी, अनिल कुमार दुग्गा और दिनेश कुमार दुग्गा को कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, अपर कलेक्टर एस. अहिरवार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने इंडोनेशिया के लिए रवाना किया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गत वर्ष 08 अप्रैल को अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम आमाकड़ा में आयोजित झलमलको लया-लयोर घोटूल रच्चा उत्सव में पहुंचे थे। इस अवसर पर उनके द्वारा अंतागढ़ क्षेत्र के 14 युवाओं को कृषि एवं वनोपज के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों के अध्ययन के लिए इंडोनेशिया के अध्ययन दौरे पर भेजने की घोषणा की गई थी। राज्य शासन के निर्देशानुसार गोटूल रच्चा समिति के 13 सदस्यों को आज जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा रवाना किया गया। राज्य शासन द्वारा समिति के 13 सदस्यों के साथ जिले के 2 अधिकारियों अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर प्रतीक जैन और कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के व्याख्याता वाजिद खान को भी भेजा गया है । गोटूल रच्चा समिति के सभी सदस्यों को आज अंतागढ़ विधायक अनूप नाग और समिति की संरक्षक कांति नाग द्वारा शीतला माता मंदिर अंतागढ़ में पूजा अर्चना कर बस को हरी झंडी दिखाकर एयरपोर्ट रायपुर के लिए रवाना किया गया।





# 6 साल के लिए निष्कासित हुए 4 पार्षद

केशकाल ,08 मई 2023(ए)।केशकाल नगर पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव के बाद कांग्रेस पार्टी ने 4 पार्षदों को निष्कासित कर दिया है। बता दें कि सभी पार्षदों को 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है। कांग्रेस के खिलाफ मतदान करने पर कार्रवाई हुई है। पीसीसी प्रभारी महामंत्री रवि घोष ने इसका आदेश जारी कर दिया है। नगर पंचायत केशकाल में अविश्वास प्रस्ताव में आखिरकार कांग्रेस के अध्यक्ष रोशन जमीर के पक्ष में 7 पार्षदों ने मतदान किया है। जबकि उपाध्यक्ष पद हेतु अभी भी मतदान होना बाकी है। इस फैसले के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है।

केशकाल नगर पंचायत में कांग्रेसी पार्षदों के द्वारा ही कांग्रेस के ही अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने से नगर का राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ था, हालांकि नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर खान व उपाध्यक्ष बिहारीलाल शोरी ने इस अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर कर पांच बिंदुओं की शिकायत की थी।




# कांकेर में रोजगार मेला का आयोजन 10 मई को कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी सुजुकी मोटर्स द्वारा की जाएगी भर्ती

दीपक मिश्रा

कांकेर,08 मई 2023(ए)। - महिला आईटीआई कांकेर में कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी सुजुकी मोटर्स द्वारा 10 मई को प्रातः 9.30 बजे से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेला का फायदा उठाते हुए जिले के बेरोजगार इच्छुक युवक अपनी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र और आईटीआई प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं 05 फोटोकॉपी के साथ उपस्थित हो सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए महिला आईटीआई कांकेर में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

# ई-जनचौपाल में सुरेखा विश्वकर्मा को तत्काल मिला राशन कार्ड

दीपक मिश्रा

कांकेर,08 मई 2023(ए)। चारामा तहसील के ग्राम गोलकुम्हड़ा निवासी सुरेखा विश्वकर्मा पति कृष्ण कुमार को कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देश पर खाद्य अधिकारी कांकेर जन्मजय नायक द्वारा दो घंटे के भीतर अंत्योदय अन्न योजना का राशन कार्ड बनाकर प्रदान किया गया। सुरेखा विश्वकर्मा ने आज कलेक्टर से ई-जनचौपाल में मुलाकात कर अपनी समस्या बताते हुए कहा कि राशन कार्ड नहीं होने से शासन द्वारा प्रदत्त रियायती दर पर खाद्यान्न नहीं मिल रहा है, जिससे परेशानी हो रही है। उनकी समस्या को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने खाद्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आवेदक को यथाशीघ्र पात्रतानुसार राशन कार्ड प्रदाय किया जावे। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य अधिकारी कांकेर द्वारा तत्काल आवेदक सुरेखा विश्वकर्मा के लिए राशन कार्ड जारी किया जाकर ई-जनचौपाल में ही राशन कार्ड प्रदान किया गया, जिस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

उल्लेखनीय है कि जिले में प्रति सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ एवं पखांजूर जनपद कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या व शिकायत सुनी जा रही है तथा कांकेर विकासखण्ड के ग्रामीण कलेक्टर से प्रत्यक्ष मुलाकात कर अपनी समस्या व शिकायत से अवगत करा रहे हैं, जिसका त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज सोमवार को ई-जनचौपाल में 53 लोगों की समस्या सुनी तथा उसके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में अंतागढ़ विकासखण्ड से 02, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से 03, चारामा विकासखण्ड से 04, कोयलीबेड़ा (पखांजूर) विकासखण्ड से 05 और नरहरपुर विकासखण्ड से 04 लोगों ने अपने जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 35 व्यक्तियों द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को अपनी समस्या से अवगत कराया, जिनका निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर ए.एस. पैकरा एवं जी.एस. नाग, एसडीएम कांकेर धनंजय नेताम, डिप्टी कलेक्टर अशोक मारबल एवं आस्था बोरकर, सीएसईबी के कार्यपालन अभियंता सतीश कुमार किण्डो, जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक सिनीवाली गोयल भी मौजूद थे।




# बेरोजगारी भत्ता के खिलाफ बीजेपी का प्रदर्शन

» भाजयुमो ने किया रोजगार कार्यालय का घेराव

रायपुर,08 मई 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भत्ता के खिलाफ भाजपा ने आंदोलन तेज कर दिया है। सोमवार को बेरोजगारी भत्ते के नियमों को शिथिल करने की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेशभर में रोजगार कार्यालय का घेराव किया।

घेराव करने निकले भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने रोजगार कार्यालय के सामने लगे बेरिकेड को तोड़ने की कोशिश की। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के जवानों के बीच जमकर झूमाझटकी भी हुई। घेराव में भाजयुमो प्रभारी आलोक डंगस, प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत सहित बीजेपी के कई बड़े नेता शामिल हुए। भाजयुमो ने सरकार पर युवाओं के हक छीनने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बेरोजगारी भत्ते में नियमों के जटिल होने के कारण बहुत सारे युवा बेरोजगारी भत्ते के लाभ से वंचित हो रहे है। भाजयुमो प्रदेश प्रभारी आलोक डंगस ने कहा, सरकार ने पिछले 4 सालों से युवाओं को ठगा है। आज जब प्रदेश के युवा अपनी हक की लड़ाई खुद लड़ने सड़कों पर उतरे हैं, तब सरकार युवाओं की आवाज को कुलचने के लिए पुलिस बल का दुरुपयोग कर रही है।

भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने कहा, इस प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने महिलाओं के बाद सबसे ज्यादा युवाओं को ठगा है। युवाओं ने मतदान देकर कांग्रेस को सत्ता में लाए हैं। मगर दुर्भाग्यपूर्ण अब तक 10 हजार युवाओं को भी रोजगार नही मिला है। सरकार सारे आंकड़े फर्जी जारी कर रहे है।



# नक्सलियों पर पुलिस के जवान पड़े भारी



सुकमा, 08 मई 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर जवानों ने करारा प्रहार किया है. सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार पुलिस नक्सली मुठभेड़ में 2 नक्सली मारे जाने की खबर है. बताया जा रहा है कि 8 लाख के इनामी और 3 लाख इनामी नक्सली मारे गए हैं.मिली जानकारी के मुताबिक 8 लाख के इनामी नक्सली गोलापल्ली एसओएस कमांडर मड़कम एर्रा और 3 लाख की इनामी नक्सली एर्रा की पत्नी पोड़ियाम भीमे को जवानों ने ढेर कर दिया है।मिली जानकारी के मुताबिक ऑटोमेटिक वेपन्स (303)समेत भारी मात्रा में आईईडी और अन्य सामग्री बरामद किए गए हैं. नक्सली अरनपुर की तरह बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे. एसपी सुनील के नेतृत्व में नक्सलियों के मंसूबों को विफल किया गया.बता दें कि धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा में डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई है. यह मुठभेड़ भेज्जी और दंतेशपुरम के बीच हुई है. फिलहाल पुलिस ने भेज्जी इलाके में सर्चिंग शुरू कर दी है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)